e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 62
रविवार
03.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप अपने स्वयं के ऊपर विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो दूसरा आपके ऊपर विश्वास कैसे करेगा।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# सेवानिवृत्ति होने पर निवर्तमान आयुक्त व स्थानांतरण पर आईजी राजकुमार लकड़ा को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सेवानिवृत्ति पर निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास एवं स्थानांतरण पर पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा को विदाई दी गई। जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार की देर शाम स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में आयोजित विदाई-सह-सम्मान समारोह में पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निवर्तमान आयुक्त अपनी सेवा काल में लंबी यात्रा तय किया है। उनके कार्यकाल के अनुभव से सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इनकी बातों से हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन मिलता है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद नया जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि आयुक्त का सेवाकल स्वर्णिम रहा है। उन्होंने पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा के स्थानांतरण पर उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि इनका मार्गदर्शन अब भी मिलता रहेगा। गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर ने निवर्तमान आयुक्त एवं निवर्तमान आईजी के कार्यो से प्रेरणा लेने की सलाह युवा पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि काम के बदौलत पदाधिकारी अपनी पहचान बनाते हुए सभी के लिए अमिट छाप छोड़ी है। आयुक्त के पद को सुशोभित करते हुए सेवानिवृत्ति होना गर्व का विषय है। उन्होंने निवर्तमान आयुक्त की नई जिंदगी की नई शुरुआत करने की हार्दिक बधाई दी। पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि पलामू प्रक्षेत्र के आईजी की पहचान ड्रीम आईजी के रूप में होती है। यह इनके सकारात्मक सोच, सरल व्यवहार, इमानदारी पूर्वक काम करने की चाहत और पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए काम लेने की बात काफी प्रेरित करता है। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने निवर्तमान आयुक्त की सेवानिवृत्ति एवं पलामू प्रक्षेत्र के आईजी के स्थानांतरण पर उनके द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने कार्य अनुभव के बदौलत जो ख्याति प्राप्त की है, उससे हम सभी साथियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने आईजी के संबंध में कहा कि विकट-से- विकट परिस्थितियों में भी खुशी के साथ कार्य करते रहने और लोगों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करते रहने की सीख मिली है। पलामू प्रक्षेत्र के निवर्तमान आईजी राजकुमार लकड़ा ने अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आयुक्त के पद के साथ-साथ अन्य पदों पर कार्यरत रहकर श्री दशरथ चंद्र दास ने अपने कार्य कुशलता से पहचान बनाई है। सरकारी सेवाकाल में 33 वर्ष पूरा कर सेवानिवृत हुए। जिस सादगी के साथ अपने सहयोगियों को दिशा-निर्देश दिया,सेवानिवृत्ति के बाद भी परिवार एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे। अपने विदाई-सह-सम्मान समारोह में निवर्तमान आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने कहा कि पलामू प्रमंडल के पदाधिकारी एवं कर्मी इमानदारी से सफलता पूर्वक कार्य का निर्वहन करते रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तनाव मुक्त रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में कई तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे में तनाव लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने नैतिकता और करुणा के सिद्धांत का पालन करने एवं इमानदारी के साथ कर्तव्य निर्वहन से तनाव नहीं आने की बातें कही। प्रशासनिक सेवा में रहकर 80त्न सफल कार्य करना बड़ी उपलब्धि होगी। सकारात्मक कार्यों से पलामू प्रमंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बातें कही। साथ पीड़ित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्या का त्वरित निदान करने का भी सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन पलामू के जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने दोनों पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 70 वर्षीय वृद्ध महिला है सरकारी लाभ से वंचित



**खरौन्धी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत कुपा के रेखाडीह गांव निवासी स्वर्गीय बद्री साह के धर्मपत्नी 70 वर्षीय कमला कुंवर सरकारी लाभ से वंचित है। कमला कुंवर ने बताया कि मुझे सरकारी लाभ कुछ नहीं मिलता है।उसने बताया कि राशन, वृद्धा पेंशन जैसा कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिलता है। पंचायत में जब ठंड के दिन में कम्बल वितरण होता है तो भी मुझे नहीं मिलता है। मैं बहुत बार पंचायत के मुखिया से बोली तो वे बोलते हैं कि ठीक है मिलेगा। लेकिन आज तक मुझे कोई लाभ नहीं मिला। कई बार पंचायत सचिवालय पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मैंने सभी अधिकारी के सामने गुहार लगाई। लेकिन मेरी बातों को कोई नहीं सुनता है। उसने कहा कि मेरे पति के गुजरे हुए लगभग 25 वर्ष हो गया। आज मैं अनाथ जैसा दर दर की ठोकरे खा रही हूं। मेरी बातों को कोई भी पंचायत के या प्रखंड के अधिकारी कोई भी सुनने के लिए तैयार नहीं है। बताते चले कि कमला कुंवर वर्षों से बीमारी से पीड़ित हैं। पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पा रही है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि मुझे सरकारी लाभ दिया जाए। जिससे मैं अच्छी ढंग से जीवन यापन कर सकूं।

## टीपीसी संगठन के पूर्व सक्रिय सदस्य को भेजा गया जेल

**नौड़ीहा बाजार (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले नौड़ीहा बाजार थाना कांड संख्या 6/19 दिनांक 4 फरवरी 2019 के धारा 341/323/457/379/384/386/387/34 भा0द0वी के वांछित टीपीसी व आरसीसी संगठन के सक्रिय सदस्य अभियुक्ति बबलू यादव उर्फ़ डब्लू यादव पिता स्व शिवा यादव ग्राम खरारी टोला दुमोहान, थाना हंटर गंज, जिला चतरा को सूचना मिलने पर टीम गठित कर गिरफ्तार के जेल भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री अवध बिहारी यादव, अंचल निरीक्षक श्री द्वारिका राम, थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण सहित कई आरक्षी लोग शामिल थे।

## छेंचा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पेयजलापूर्ति बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पिछले एक ,दो वर्षो से विद्यालय में लगाए गए सोलर लाइट, सोलर प्लेट नल पाइप विद्यालय किट्स अन्य सामग्रियों का चोरी के साथ विद्यालय परिसर या कमरे का दरवाजा, खिड़की, नल पाइप वगैरह को असमाजिक तत्वों या चोर उचक्के द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है जिसकी लिखित शिकायत विद्यालय प्रबंधन द्वारा संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को दी गई है पर अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से बदमाशों और चोरी करने वालों का मनोबल बढ़ा हुआ है। हालांकि पूर्व में तत्कालीन थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह द्वारा विद्यालय परिसर में लगे जल मीनार के सोलर प्लेट चोर को सामग्री बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं शनिवार को खबर संकलन के दौरान प्रधानाचार्य दिनेश मेहरा ने बताया कि लगभग दो महीने पहले जलापूर्ति योजना के तहत मोटर स्टार्टर की चोरी हो गई है जिसकी सूचना पंचायत के मुखिया, स्थानीय प्रशासन व विभाग को दिया है पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पानी का एक ही जरिया है। स्टार्टर चोरी हो जाने से पेयजलापूर्ति ठप हो गई है जिससे बच्चों का मध्याह्न भोजन बनाने व पीने का पानी के लिए काफी परेशानी हो गई है। इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज व जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह को संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि सैंकड़ों छात्र छात्राओं को पेयजल आपूर्ति हो सके।

## आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर बीडीओ की अध्यक्षता में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक मैं अंचलाधिकारी नंद कुमार राम, सभी बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित रहे। अंचलाधिकारी राम ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर से चुनाव के गतिविधियों पर चर्चा किया और संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही साथ बुथ में मुलभुत सुविधा बहाल करने छुटे हुए योग्य नागरिकों का निबंधन, वी एम रिपोर्ट से संबंधित, चार मार्च को सभी बुथों में आईएम वेरिफाई वोटर का अभियान चलाना, चुनाव पाठशाला का आयोजन कर मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने और मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मतदान के दिन एंव मतदान के पूर्व बीएलओ को अपने कर्तव्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## जय जमुहरी मईया क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला आज

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 04 नाग बाबा के समीप खेल मैदान में आयोजित जय जमुहरी मइया क्लब के द्वरा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज दिन रविवार को होगी इस आशय की जानकारी भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सह जय जमुहरी मईया क्लब के संरक्षक अजय प्रसाद गुप्ता ने दी उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के द्वरा लीग मैच खेलने के बाद निर्णायक मैच कबरा और शहर के वार्ड नम्बर 03 रामविगहा के बीच खेला जाएगा सुबह 11:00 बजे इसका शुभारंभ में कई गणमान्य लोग भी शामिल होंगे उन्होंने आम जनता और खेल प्रेमियों को आमंत्रण किया हैं।

## एआईएमआईएम जिला व रंका प्रखंड कमिटी ने नए थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट किया

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका थाना प्रभारी अनिल नायक के प्रभार लेने पर एआईएमआईएम नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट किया तथा उन्हे शुभकामनाएं दी। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक के नेतृत्व में जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रज़्वी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, युवा प्रखंड अध्यक्ष खुसदिल अंसारी, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, एआईएमआईएम जिला सदस्य अयोध्या सिंह, असगर अंसारी, आरिफ अंसारी, बिरेंद्र सिंह, आजाद अंसारी, मनाजुल अंसारी समेत कई नेताओं ने थाना प्रभारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मजलिस नेताओं के द्वारा फूल माला से थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

## थाना प्रभारी से बसपा प्रखंड कमिटी ने किया शिष्टाचार मुलकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार थाना मे शनिवार के बहुजन समाज पार्टी के युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने अपनी कार्यकर्ता के साथ नव नियुक्त थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण से शिष्टाचार मुलाकात किया। शिष्टाचार मुलाकात मे बसपा प्रखंड कमिटी के द्वारा अंग वस्त्र व भारतीय संविधान की बुक गुलदस्ते देकर थाने मे स्वागत किया गया और बड़ी उम्मीद एवं अपेक्षा जताया गया नव नियुक्त थाना प्रभारी के द्वारा सामाजिक समस्याएं और भरोसा कायम रखेंगे। नवनियुक्त थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने कहा कि अपने थाना क्षेत्र मे अमन चैन और अपराध मुक्त बनाए रखने के लिया हमेशा मै तत्पर रहूंगा और पुलिस -ग्रामीणों की बीच मैत्री संबंध बनी रहेगी। मौके पर बसपा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार यादव, पूर्व छतरपुर -पाटन विधानसभा के अध्यक्ष रामबाबु, युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी अर्जुन राम, डा कमलेश कुमार सहित बसपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हरिहरगंज में खुलेगा अर्बन हॉस्पिटल, सरकार से मिली स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार ने हरिहरगंज शहर में अर्बन हॉस्पिटल खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। हरिहरगंज हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि दौरे के क्रम में हरिहरगंज शहर के नागरिकों ने शहर के लिए अर्बन हॉस्पिटल की मांग की थी। उन्होंने इस संबंध में पलामू के सिविलसर्जन से राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया था। सरकार को प्रस्ताव भेजने के उपरांत स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव से इसे स्वीकृति दिलाने का काम किया। जल्द ही बेकार पड़े सीएचसी भवन ने अर्बन हॉस्पिटल का उद्घाटन किया जाएगा। अर्बन हॉस्पिटल में ओपीडी समेत प्रसव आदि की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अर्बन हॉस्पिटल को स्वीकृति मिलने से हरिहरगंज शहरी क्षेत्र के लोगों में खुशी है। एनसीपी नेता मनीष सिंह, सरोज मेहता, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, जितेंद्र मेहता, रामू यादव, गोलू सिंह, मंटू मेहता,संतोष शर्मा, अरविंद शर्मा, जनेश्वर भुइयां, प्रसाद भुइयां, ने अर्बन हॉस्पिटल की स्वीकृति दिलाने के लिए विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज क्षेत्र के लोगों की अधिकतर मांगों को विधायक ने पूरा करने का काम किया है। सीएचसी अस्पताल भवन, चिकित्सकों की व्यवस्था, ग्रामीण सड़कें, पुल पुलिया व सिंचाई के क्षेत्र में अधिकतर कार्य पूरा करने का काम किया गया है।

## महादेव प्रसाद की अध्यक्षता में चलाया गया लाभार्थी संपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** जिले के नावा बजार मंडल बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित नावा बाजार मंडल में लाभार्थी संपर्क अभियान, भाजपा अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस लाभार्थी अभियान में मंडल के सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित थे, कंडा तथा ताली में बुथ नंबर 346 पर लाभार्थी के घर जाकर स्टीकर लगाया एवं लाभार्थी से जन संवाद करते हुए विकास कार्य की समीक्षा की यह लाभार्थी अभिया दिनांक 1, 4, 2024 तक चलाया जाये गा, अध्यक्ष श्री यादव ने बताया इस कार्यक्रम में हर घर तक डोर टू डोर पहुंचना है एक भी घर ऐसा नहीं हो जहां हम ना पहुंच पाए सभी पंचायत से लेकर के सभी बुथो तक कार्यकर्ता लगे हुए हैं मौके पर उपस्थित अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मुमताज खलीफा, प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संयोजक गिरजा शंकर राम, पंचायत संयोजक गुडु चंद्रवंशी, विष्णु देव राम, तथा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाली निर्माण का जिप उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मासियातु ग्राम में शनिवार को 15 वीं वित मद से तीन लाख छत्तीस हजार की लागत से बनने वाले जय मंगल उरांव के घर से विनय यादव के घर तक नाली निर्माण का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए जिप उपाध्यक्ष ने कहा क्षेत्र की विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। जल-नल योजना से लेकर सभी विकास योजनाओं का कार्यान्वयन ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण हो ऐसा मेरा प्रयास होगा द्य साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी योजना में गुणवत्ता में लापरवाही बरती जा रही है तो सूचित करें।

## सेना में शामिल होने के लिए युवा 22 मार्च तक करा पाएंगे ऑनलाइन पंजीकरण

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेना में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवार 13 फरवरी से 22 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर कार्यालय सहायक/स्टोरकीपर (एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास। (ई) अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस (डब्ल्यूएमपी) एवम सैनिक तकनीकी (नर्सिंग सहायक) की श्रेणियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 13 फरवरी 2024 से 22 मार्च 2024 तक खुला रहेगा और ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल 2024 से शुरू होगी। उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा सभी युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में 22 मार्च तक ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की गई है। जिले के युवाओं के लिए देश की सेवा में अपनी भागीदारी निभाने का यह सुनहरा अवसर है।

## अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर, सेक्रेटरी, खजांची ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया भंडरा प्रखंड के नवनिर्वाचित सदर व सेक्रेटरी, खजाँची,नायब सदर,नायब सेकेट्री बिभिन्न गाओं से आए मेम्बरान को शपथ दिलाने को लेकर रविवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें परंपरागत रूप से जामा मस्जिद के मुफ़्ती जाकिर हुसैन द्वारा नवनिर्वाचित सदर आफताब आलम, सेकेट्री अब्दुल रउफ, खजाँची शकील अंसारी, नायब सदर मुमताज अंसारी, नायब सेकेट्री, मोबारक अंसारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गइ। इससे कबल मस्जिद ए कादिरिया के इमाम मुफ़्ती जाकिर हुसैन ने तिलावत ए कुरान पाक और लोहरदगा से आये अब्दुल सलाम कौशर हफिज जावेद के जरिए नात ए पाक के साथ शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत की गई। सदर व सेक्रेट्री को शपथ दिलाने के बाद प्रत्येक गाओं से अंजुमन बोर्ड के सदस्यों को इलेक्शन कमिटी के जरिए शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि कोई भी देश संविधान और कानून से चलता है,अंजुमन इस्लामिया को भी देश के कानून व्यवस्था के तहत कौमी मिल्लत और समाज की बेहतरी के लिए काम करें। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का संपूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया के मजलिसे अम्मा, मजलिसे आमला इसका भी संचालन बेहतर ढंग से हो और समाज के मामलों का निष्ठा पूर्वक निपटारा हो।उन्होंने कहा कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने अंजुमन इस्लामिया की शुरुआत हिंदुस्तान में किसी एक धर्म या समुदाय के लिए नहीं बल्कि देश में बराबरी और न्याय पूर्ण वातावरण बनाने के लिए किया था। विशिष्ट अतिथि मोजाम्मिल अंसारी,हाजी सिकंदर ने कहा कि अंजुमन पर समाज के विकास की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। पदाधिकारियों को समाज में व्याप्त कुरीतियों,अशिक्षा को दूर करने को लेकर सार्थक प्रयास करने होंगे। समाज में शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बेहतर कल के लिए आज प्रयास करने होंगे।

## डीसीसी ने आई एम वेरीफाइड वोटर के सही संचालक को लेकर राजनीतिक पदाधिकारीयों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज संपूर्ण झारखण्ड राज्य में दिनांक 04 मार्च, 2024 से चलाये जाने वाले सोशल मीडिया अभियान आई एम वेरीफाइड के संचालन को लेकर सभी संबंधित जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कहा कि दिनांक 04.03.2024 से झारखण्ड सरकार मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग के निदेश पर सभी मतदान केंद्रों में मतदाता वेरीफिकेशन का एक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें प्रत्येक मतदाता अपने मतदान केंद्र में जाकर जनवरी माह, 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची में या ऑनलाईन वोटर हेल्पलाईन एप या वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से जांच कर संतुष्ट होने के बाद कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है वे अपने साथ मतदाता सूची के साथ अपना फोटो अपने सोशल मीडिया एप अपलोड करेंगे। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व बीएलओ भी मतदाता के साथ फोटो अपलोड करेंगे एवं हैशटैग आई एम वेरीफाइड का इस्तेमाल करेंगे। मतदाता केंद्र पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची एवं प्रपत्र 6,7 एवं 8 भी उपलब्ध रहेगा। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा इस अभियान के दौरान मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किये जाने का निदेश दिया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से आवश्यक सहयोग की अपील की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव से अपील की कि उक्त तिथि को अभियान के दौरान सभी पदाधिकारी व राजनीतिक दल अपने सोशल मीडिया हैण्डल पर अभियान को हैशटैग के साथ ट्रेंड कराएं ताकि यह राष्ट्रीय स्तर पर सफल हो सके। उप विकास आयुक्त द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी को संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये जाने का निदेश दिया। अभियान का रिपोर्ट प्रत्येक दिन भेजे जाने का निर्देश दिया गया।

## बरवाडीह राजद परिवार ने की डीएसपी से शिष्टाचार मुलाकात



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव के नेतृत्व में राजद परिवार नव पदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए गुलदस्ता भेंट की। इस दौरान डीएसपी से कानून व्यवस्था पर चर्चा करते हुए यादव ने बताया कि बरवाडीह प्रखंड का हमेशा से शांतिप्रिय माहौल रहा है, क्षेत्र की जनता प्रखंड प्रशासन से उम्मीद करती है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। वहीं डीएसपी कुमार ने क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों से सहयोग की अपील की है। मुलाकात के दौरान राजद जिला महासचिव नेशार अहमद, जगनारायण माली, प्रखंड महासचिव रविन्द्र प्रसाद सोनी, मनोज यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 62

रविवार

03.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

यदि आप अपने स्वयं के ऊपर विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो दूसरा आपके ऊपर विश्वास कैसे करेगा।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पलामू : भीषण सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो गंभीर

**पांकी (पलामू) :** पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ के सलगस में शनिवार की दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें सगालीम पंचायत के परसिया गांव निवासी दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हीरो मोटरसाइकिल पर सवार होकर सभी युवक पांकी से मेदनीनगर की ओर जा रहे थे। इसी बीच तीव्र गति के कारण तीखे मोड़ में बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। जिससे यह दुर्घटना हो गई. दुर्घटना में परसिया गांव निवासी सुधीर पासवान के पुत्र लाल सूरज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीनों गंभीर रूप से घायल युवकों को इलाज हेतु सगालीम एवं पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने परसिया गांव के रामलाल भुईया के पुत्र छोटू कुमार की मौत की भी पुष्टि कर दी। वहीं गंभीर रूप से घायल परासिया गांव निवासी मुकेश पासवान के पुत्र पिंटू कुमार एवं अरविंद का इलाज किया जा रहा है।

### उग्रवादियों ने पिठौरिया में पांच वाहनों को फूंका

**रांची :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया उग्रवादियों ने क्रशर में खड़े तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजी को फूंकने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार देर रात की है। मामले की जानकारी मिलने के बाद डीआइजी अनुप बिरथरे, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। साथ ही मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिये।मिली जानकारी के अनुसार पिठौरिया थाना के सना स्टोन डिपॉजिट क्रेशर में चार-पांच की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी पहुंच कर खुलकर ताडंव किया। क्रशर में उपस्थित मुंशी से मालिक के बारे में पूछताछ की। सही जवाब नहीं मिलने पर क्रशर के कार्य में लगे तीन हाइवा, एक लोडर और एक डीजे को फूंक डाला।

### बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने लिया वीआरएस

**पटना :** बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ले ली है। उनका वीआरएस मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंजूर कर लिया है। हालांकि, सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अभी कोई पत्र जारी नहीं किया है। सुबहानी इस साल 30 अप्रैल को रिटायर होने वाले थे लेकिन उन्होंने दो महीने पहले ही वीआरएस ले लिया। अब अगले मुख्य सचिव के नाम को लेकर अटकलें भी तेज हो गयी है। आईएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को बिहार के मुख्य सचिव बनाये जाने की चर्चा है। ब्रजेश मेहरोत्रा अगस्त 2024 में सेवानिवृत होने वाले हैं।साल 1989 बैच के आईएएस ब्रजेश मेहरोत्रा बिहार के विभिन्न विभागों में अपनी सेवा दे चुके हैं। अपर मुख्य सचिव के रूप में भी उन्होंने विभिन्न विभागों में सेवाएं दी हैं। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विश्वस्त अधिकारियों में ब्रजेश मेहरोत्रा की पहचान है। उनके प्रशासनिक कौशल और दक्षता की वजह से वे बिहार के मुख्य सचिव बनने वालों की दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका में पकड़ा गया एनआईए का मोस्ट वांटेड मोहम्मद गौस नियाजी

**नई दिल्ली :** साउथ अफ्रीका में एनआईए का मोस्ट वांटेड मोहम्मद गौस नियाजी पकड़ा गया है. मोहम्मद गौस नियाजी पर एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम रखा था. मोहम्मद गौस नियाजी चरमपंथी इस्लामी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया का बड़ा चेहरा रहा है. नियाजी पर बेंगलुरु में 2016 में आरएसएस नेता रुद्रेश की हत्या का आरोप है. रुद्रेश की हत्या के बाद वह फरार हो गया था और अलग-अलग देशों में रह रहा था. साउथ अफ्रीका में सबसे पहले गुजरात एटीएस ने नियाजी को ट्रैक किया और फिर इसकी जानकारी सेंट्रल ऐजेंसी को दी. इसके बाद नियाजी को साउथ अफ्रीका में पकड़ा गया और हिंदुस्तान डिपोर्ट किया गया. फिलहाल मोहम्मद गौस नियाजी को मुंबई ले जाया गया है.

### पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा सांसद गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से लिया संन्यास

**नई दिल्ली :** पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति ने संन्यास लेने का फैसला लिया है. उन्होंने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है. गौतम गंभीर पूर्वी दिल्ली से बीजेपी सांसद हैं. भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपनी पहली सूची जारी करने वाली है. ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इस बार कई मौजूदा सांसदों का टिकट कट सकता है. गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,मैंने माननीय पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से अनुरोध किया है.मुझे मेरे राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करें, ताकि मैं अपनी आगामी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकूं. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री को हृदय से धन्यवाद देता हूं.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

बीजेपी ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

# वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे पीएम मोदी

* खूंटी से अर्जुन मुंडा का कन्फर्म हुआ टिकट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 195 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है. लिस्ट में पीएम मोदी समेत 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए गए थे, जिसकी घोषणा हम कर रहे हैं. विनोद तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे. बीजेपी की पहली सूची में उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 20, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल की 12, तेलंगाना की 9, असम की 11, झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की 5, जम्मू-कश्मीर की 2, उत्तराखंड की 3, अरुणाचल की 2, गोवा की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान की 1, दमन और दीव की 1 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं.

**बीजेपी की पहली सूची में सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश से 51 प्रत्याशियों की घोषणा की गई।**

**दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश है जहां से 24 उम्मीदवारों की सूची जारी हुई है।**



गोवा की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान की 1, दमन और दीव की 1 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा हुई है।

### झारखंड : 11 लोगों को मिला लोकसभा चुनाव के लिए टिकट

राजमहल- ताला मरांडी
पलामू - बीडी राम
जमशेदपुर- विद्युत चरण महतो
चाईबासा- गीता कोड़ा
खूंटी -अर्जुन मुंडा
लोहरदगा -समीर उरांव
हजारीबाग - मनीष जयसवाल
रांची- संजय सेठ
गोड्डा -निशिकांत दुबे
कोडरमा- अन्नपूर्णा देवी
दुमका - सुनील सोरेन

### भाजपा की पहली सूची में 28 महिलाओं को मिला मौका



195 नामों की पहली सूची में 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। वहीं 28 महिलाओं को भी मौका दिया गया है। पहली सूची में पचास साल से कम उम्र के 47 युवा, अनुसूचित जाति से 27, अनुसूचित वर्ग से 18 और पिछड़ा वर्ग से 57 उम्मीदवारों के नामों को जगह दी गई हैं।

### झारखंड में आज बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना



**रांची :** झारखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है. 3 और 4 मार्च को कई जगहों पर बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना है. मौसम विभाग की मानें तो 3 मार्च को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं (अधिकतम गति 30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ वज्रपात होगा. वहीं गढ़वा, पलामू और लातेहार में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है. 4 मार्च को भी राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं (अधिकतम गति 30-40 किमी) के साथ वज्रपात होने की संभावना है.अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में होगी वृद्धि मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3एसे. की वृद्धि हो सकती है. इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान भी 4एसे. तक बढ़ सकती है. इस दौरान राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे. वहीं मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना है. इस दौरान अधिकतम तापमान 30एसे. और न्यूनतम तापमान 16एसे. रहने की संभावना है. पिछले 24 घंटे में झारखंड में मौसम शुष्क रहा. बोकारो-थर्मल में उच्चतम तापमान 33.1एसे. और लोहरदगा में न्यूनतम तापमान 12.9एसे. दर्ज किया गया.

# विदेशी महिला से गैंगरेप मामले को लेकर सदन में हुआ जोरदार हंगामा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र का आखिरी दिन की शुरुआत हंगामेदार रही. सदन के बाहर विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों विधायकों ने दुमका में विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया. हालांकि विपक्ष ने इस मामले में दुमका एसपी को हटाने के साथ ही दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की. वहीं सत्ता पक्ष ने विपक्ष को इस मामले में राजनीति न करने की सलाह दी.



### घटना देश की छवि खराब करने वाली भाजपा

भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने दुमका में विदेशी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिस तरह मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने दुष्कर्मियों को फांसी देने का कानून बनाया है, वैसा ही कानून यहां भी बनाने की आवश्यकता है. भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गयी है और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है. अनंत ओझा ने स्पेन की महिला से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना को दुनिया में भारत और झारखंड की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए कहा कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.

### दुमका के हंसडीहा में हुआ विदेशी महिला के साथ गैंगरेप



दुमका में एक विदेशी महिला के साथ शुक्रवार की रात हंसडीहा थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गैंगरेप किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने महिला की मेडिकल जांच कराई। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। इस बाबत दुमका के एसपी ने कहा कि आगे की जांच अभी चल रही है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला अपने पति के साथ बाइक टूर पर भारत आई थी। शुक्रवार की रात उसके साथ कुरुमहाट में टेंट में सोने के दौरान सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जानकारी के मुताबिक पति और पत्नी स्पेन से टूरिस्ट वीजा पर भारत घूमने आए थे। स्पेन से पहले वो बाइक के जरिए पाकिस्तान पहुंचे। इसके बाद पाकिस्तान से बांग्लादेश होते हुए भारत आए। यहां वो जब झारखंड पहुंचे तो दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगाकर रुके हुए थे। इस दौरान 8-10 लोगों ने उनके साथ गैंरेप किया। बता दें कि झारखंड से पीड़ित महिला अपने पति के साथ नेपाल जाने वाली थी। महिला ने बताया कि महिला के साथ गैंगरेप के साथ ही आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट भी की। घटना की शिकायत के बाद पीड़िता की मेडिकल जांच कराया गया। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना, त्वरित होगी कार्रवाई मिथिलेश ठाकुर

राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दुमका की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले में डीजीपी से बात कर उचित आदेश देना चाहिए. किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा. वहीं दुमका में स्पेनिश महिला से दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस की महिला विधायक ने कहा कि पूरी जानकारी लेने के बाद ही वह कुछ कहेंगी.

## झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए चुनाव आयोग चार मार्च को जारी करेगा अधिसूचना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य से राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव की तैयारी पूरी की जा रही है। इसके लिए चुनाव आयोग चार मार्च को अधिसूचना जारी करेगा। चुनाव 21 मार्च को होगा। इसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो 11 मार्च तक चलेगी। 12 मार्च को स्क्रूटनी होगी और 14 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

नतीजे 21 मार्च को मतदान के दिन देर शाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही विधानसभा सचिव के समक्ष नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। राज्यसभा की जिन दो सीटों पर चुनाव होना है, उन पर कांग्रेस और भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू और भाजपा के समीर उरांव का कार्यकाल इस साल तीन मई को खत्म हो रहा है। अभी तक उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की गई है। एनडीए की ओर से मंगलवार तक उम्मीदवार के घोषणा होने की संभावना है जबकि यूपीए की ओर से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष को रिपोर्ट भेज दी है।कांग्रेस और झामुमो के बीच बैठक के बाद उम्मीदवार के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी। ऐसी संभावना है कि एनडीए की ओर से चुनाव में दो से अधिक यानी तीन उम्मीदवार उतारे जा सकते हैं। इसके पीछे की वजह वोटों का गणित बिगाड़ना है। हालांकि, सियासी हलचल के बीच सोमवार को अधिसूचना जारी होते ही राज्यसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा, जिसके लिए चुनाव आयोग अपनी तैयारियां पूरी कर रहा है।




## देश में सामाजिक व आर्थिक अन्याय रोकना जरूरी : राहुल गांधी



एजेंसी

**मुरैना :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मुरैना पहुंचने पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को उपज के सही दाम नहीं मिल रहे हैं और युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

आज दोपहर बाद राजस्थान से कांग्रेस की भारत जोडो न्याय यात्रा ने मध्यप्रदेश के मुरैना जिले की सीमा में प्रवेश किया। उन्होंने देश में जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा कि आदिवासी, दलित व पिछड़ा वर्ग की भागीदारी मीडिया, उद्योग, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में नहीं है।

उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों को उचित समर्थन मूल्य दिया जायेगा। मुरैना में चम्बल नदी के पास प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी व राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू ने राहुल गांधी का स्वागत किया। आमसभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंगार ने भी सम्बोधित किया।

### हमें पूरी गंभीरता और ताकत के साथ लड़ना है चुनाव : मीर


**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से झारखंड के 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटरों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई तथा सभी लोकसभा क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने ली।






### केंद्र ने त्रिपुरा सरकार और टिपरा मोथा के साथ किया त्रिपक्षीय समझौता

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और त्रिपुरा की टिपरा मोथा पार्टी ने राज्य के मूल लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को एक त्रिपक्षीय समझौता किया। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे त्रिपुरा के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। राष्ट्रीय राजधानी में गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इंडिजिनस प्रोग्रेसिव रीजनल एलायंस (टिपरा मोथा) की ओर से टिपरा मोथा के संस्थापक अध्यक्ष प्रद्योत देब बर्मन ने हस्ताक्षर किए।

## टाटा संस के चेयरमैन ने जुबिली पार्क में किया लाइटिंग का उद्घाटन, शहर रंग बिरंगी रोशनी में समा गया

# टाटा स्टील की प्रगति देख उत्साहित हूं : एन चंद्रशेखरन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या पर जुबिली पार्क की सजावट का उद्घाटन शनिवार शाम 6.25 बजे बटन दबाकर किया। मौके पर एन चंद्रशेखरन के साथ टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेन्द्रन, रूचि नरेन्द्रन, वीपी (कारपोरेट सर्विसेस) चाणक्य चौधरी और जुस्को के एमडी ऋतुराज सिन्हा ने जुबिली पार्क स्थित जेएन टाटा की मूर्ति पर पुष्पांजलि भेंट कर संस्थापक के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि जमशेदपुर टाटा स्टील ही नही टाटा समूह के लिए भी महत्वपूर्ण शहर है क्योंकि टाटा संस ने जमशेदपुर से ही शुरुआत की है। शहर का विकास होता देख अच्छा लगता है। हमारे संस्थापक के जन्मदिन के अवसर पर टाटा स्टील की प्रगति को देखना बहुत रोमांचक है। मैं टाटा स्टील के सभी कर्मचारियों, जमशेदपुर के नागरिकों को संस्थापक दिवस और 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहता हूं। बेहद सीमित संख्या में हुए इस समारोह में चेयरमैन द्वारा लाइटिंग के उदघाटन के साथ ही पार्क समेत पूरा शहर रंग बिरंगी रोशनी में समा गया। हर कोई इस मनमोहक छटा को अपने कैमरे में कैद कर लेना चाहता था। पार्क में नृत्य करते और झूमते फव्वारे और पेड़ों पर लकटते कृत्रिम जुगनू किसी परिलोक सा दृश्य पेश कर रहे थे। 5 मार्च तक चलने वाली इस सजावट के चलते जुबिली पार्क तो पूरी तरह से बंद कर दिया गया था जिसे आज लोगों के लिए खोल दिया गया. इस साल कंपनी ने शहर के महत्वपूर्ण धरोहरों के साथ ही चौक- चौराहों को सजाया है ताकि शहरवासी विद्युत सज्जा का आनंद ले सके।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने झारखंड में नई शाखा के साथ किया विस्तार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउस में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड (एएमएफ) ने झारखंड के धनबाद में अपनी नवीनतम शाखा के उद्घाटन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह विस्तार धनबाद क्षेत्र के साथ-साथ देवघर और दुमका जैसे निकटवर्ती क्षेत्रों में लोगों के लिए निवेश के अवसरों और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ाने के प्रति एक्सिस म्यूचुअल फंड की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक्सिस म्यूचुअल फंड की यह नई शाखा 211, दूसरी मंजिल, श्रीराम प्लाजा, बैंक मोर, धनबाद 826001 में स्थित है। इसका उद्घाटन आकाश कुमार, सर्कल सर्कल हैड, एक्सिस बैंक लिमिटेड और रोहित मट्टू, नेशनल हैड-रिटेल सेल्स, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने किया। इस मौके पर एक्सिस एएमसी के चीफ बिजनेस ऑफिसर राघव अयंगर ने कहा कि एक्सिस म्यूचुअल फंड सभी भौगोलिक क्षेत्रों में अपने भागीदारों और निवेशकों को सोच-समझकर बेहतर निर्णय लेने के लिए आवश्यक सही प्रकार की सेवाओं तक पहुंच के साथ सशक्त बनाने की यात्रा पर है।

### नहीं रहे दानवीर पुरुष चांदू बाबू, 96 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वह अपने क्षेत्र में दानवीर पुरुष के रूप में जाने जाते थे, उनकी चर्चा लोगों में गरीबों के मसीहा के तौर पर होती थी। हम बात कर रहे हैं ऐसे एक दानवीर पुरुष की जिन्होंने शनिवार को 96 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गांव निवासी विवेकानंद मिश्रा उर्फ चांदू बाबू अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। वे पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। वे शनिवार को करीब सवा 11 बजे इस दुनिया को छोड़कर चल बसे। उनके तीन पुत्रों अरिंदम, किशोर एवं संदीप हैं। शनिवार की शाम को उनके गोपालपुर स्थित घर से शवयात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए इससे पूर्व नर्सिंग होम एवं उनके घर पहुंचकर काफी लोगों ने उनका अंतिम दर्शन किया। इस संबंध में उप प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ माझी ने बताया है कि गोपालपुर, बांधडीह, नेकड़ाकोचा, मुदीडीह, गेंगाड़ा व कांकीडीह समेत आसपास के गांवों के लोग उन्हें भगवान की तरह मानते थे।

### बोड़ाम प्रखंड में सामुदायिक या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की विधायक मंगल कालिंदी ने रखी मांग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शनिवार को झारखंड विधानसभा बजट सत्र के शून्यकाल में बोड़ाम प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने की मांग सरकार से की है। विधायक ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड की आबादी अस्सी हजार के करीब है। परंतु यहां एक एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। जिस कारण यहां के लोगों को जमशेदपुर या पश्चिम बंगाल में चिकित्सा करना पड़ता है। आपातकालीन स्थिति में मरीजों के परिजनों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विधायक कालिंदी ने जनहित में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापना करने की मांग सरकार से की है।

### काटिन बाजार से ठगी गिरोह के दो युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काटिन बाजार से ठगी गिरोह के दो युवकों को पकड़कर ग्रामीणों ने शनिवार को पुलिस को सौंप दिया। बताते हैं कि एक सीएसपी पर 3 अज्ञात युवक नकली फिंगर का उपयोग करते हुए दूसरे के आधार नंबर से पैसे की निकासी कर रहा था जो पिछले कई दिनों से सक्रिय था। इसकी भनक लगते ही शनिवार को बाजार के कुछ दुकानदारों ने घेराबंदी करते हुए 3 में से 2 युवकों को पकड़ लिया जबकि एक भागने में सफल रहा। कमलपुर पुलिस ने दोपहर करीब 3 बजे दोनों को पकड़कर पुलिस हिरासत में रखा है और थाना प्रभारी ने देर शाम पूछताछ शुरू कर दी है । थाना प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर क्षेत्र से बाहर थे जो कोर्ट में गवाही के लिए गए हुए थे। पूछताछ के बाद ही उसमें खुलासा हो पाएगा। घटना के वक्त बाजार में काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। बताते हैं कि सभी लोग बिहार के नवादा जिले से यहां आए थे।

## ईजमायट्रिपडांटकॉम के तीसरे तिमाही में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि

EaseMyTrip.com
Bharat ka Travel App

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अग्रणी ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिपडांटकॉम का दमदार वित्तीय प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना 18.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,607.9 मिलियन रुपये हो गया। वहीं एबिटा सालाना 10.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 653.7 मिलियन रुपये रहा और कर बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का सकल बुकिंग राजस्व (जीबीआर) 20,260.7 मिलियन रुपये रहा। एक सफल तिमाही के बाद, कंपनी ने ईसीओ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में लगभग 13 प्रतिशत की हिस्सेदारी ली है, जिससे ऑनलाइन यात्रा सेवाओं से परे कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता आ गई।

## लूट व झूठ से मुक्ति के लिए बनाना होगा पिलर मेंबर मजबूत : सहिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को आजसू पार्टी जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जुगसलाई नगर परिषद की बैठक हुई, बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष मो तनवीर उर्फ राजू ने किया। मुख्य अतिथि रामचंद्र साहिस ने कहा की पार्टी के मजबूत स्तंभ पिलर मेंबर और चूल्हा प्रमुख होता है क्योंकि कुछ लोग जनता को दिग्भ्रमित कर क्षणिक लाभ दे आपके मतो का विभाजन कर सत्ता पा लेते है। बैठक मे जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र के प्रभारी कन्हैया सिंह ने भी संबोधीत किया। बैठक का संचालन अरूप मल्लिक ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन प्रवीन प्रसाद ने किया। बैठक में स्वप्न कुमार सिंहदेव, प्रो रविशंकर मौर्या, प्रणव मजुमदार, ललन झा, अरूप मल्लिक,तनवीर, मदन मोहन मिश्रा, अमित मदने , निकु सिंह, समीर खान, अमन पांडे, शमशेर , सरफराज खान, स्वरुप मल्लिक, अन्य मौजूद रहे।

## सरायकेला डालसा नें किया जिला स्तरीय मल्टीटास्क स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला व्यवहार न्यायालय सरायकेला के लोक अदालत हॉल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा जिला स्तरीय मल्टीटास्क स्टेकहोल्डर्स के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पुलिस, डॉक्टर्स, जिला प्रशासन के निर्धारित विभागों के पदाधिकारियों के साथ एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य रूप से एमएसीटी, जनरल क्रिमिनल केसेस एवं आगामी 09 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया गया एवं कानूनी प्रशिक्षण दिया गया। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्व अमित शेखर द्वारा बताया गया कि नालसा न्यू दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार अब समय समय पर इस तरह का कार्यशाला सभी जिला स्तरीय मल्टी स्टेकहोल्डर्स के साथ आयोजित किया जाएगा। ताकि एम ए सी टी, भारतीय दंड संहिता और अन्य कानूनों में नई नियमावली की जानकारी निर्धारित पदाधिकारियों को सुनिश्चित हो।

# आठ शतक वीर रक्तदाताओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स वर्क्स यूनियन द्वारा टाटा के संस्थापक जे एन टाटा के 185 वें जयंती के मौके पर 3 मार्च कों भी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इससे पूर्व शनिवार को यूनियन परिसर मे रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहाँ राज्य के राजयपाल सी. पी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। उन्होंने 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रक्तविरों कों शील्ड देकर सम्मानित किया। बता दें यहाँ कुल आठ रक्तविरों कों सम्मानित किया गया। मौके पर जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर. के. सिंह समेत यूनियन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। राजयपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने तमाम रक्तविरों का हौसला बढ़ाया साथ ही सभी से ऐसे कार्यों मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

# करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग ने किया अद्वितीय 2.0 का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के इतिहास विभाग ने शनिवार को अद्वितीय 2.0 (भारतीय संस्कृति और विरासत) कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे और मेजर 1, 2 और सेमेस्टर 5 के छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें 14 सदस्यों की 7 टीम शामिल हुए, जिसमे रोहित कुमार महतो एवं मुन्नवर आलम की टीम विजेता रही वहीं रूबी कुमारी और खुशनुमा रहमान की टीम उपविजेता बनी। इस दौरान छात्र संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमे प्रथम आयुष्मान एवं शानिया तथा द्वितीय रूबी कुमारी एवं सोनल कुमारी को पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम के निर्णायक डॉ. शहबाज अंसारी थे। मौके पर डॉ मोहम्मद रियाज (प्रिंसिपल, करीम सिटी कॉलेज) ने बच्चो को संबोधित किया।इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और पांचवे सेमेस्टर इतिहास ऑनर्स के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ कौसर तसनीम, डॉ एस.एन सिंह और डॉ मोहमद शाहनवाज उपस्थित होकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया।

## एसएनटीआइ में टेक एक्स प्रदर्शनी का एमडी ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित एसएनटीआइ में टेक एक्स प्रदर्शनी लगायी. इसका उदघाटन टाटा स्टील के एमडी सह सीइओ टीवी नरेंद्रन ने किया. इस मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु समेत अन्य लोग मौजद थे. प्रदर्शनी में ट्रेड अप्रेंटिस और जेट के ट्रेनीज के मॉडल को यहां प्रदर्शित किया गया। एमडी ने इन सारे नये स्टॉल का जायजा लिया. 14वीं विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी 2024 (जिसे टेक-एक्स के नाम से जाना जाता है) बिष्टुपुर के एसएनटीआइ में आयोजित की गयी है. प्रदर्शनी इस वर्ष के संस्थापक दिवस समारोह की थीम टेक्नोलॉजी फॉर पीपल एंड प्लैनेट के आसपास है. एसएनटीआइ (मैनेजमेंट ट्रेनी, जूनियर इंजीनियर ट्रेनी, ट्रेड अपरेंटिस) के युवा प्रतिभा, टाटा स्टील समूह की कंपनियों के कर्मचारी और विभिन्न कॉलेजों के छात्र विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन कर रहे है. कुल 44 परियोजनाएं इसमें प्रदर्शित की गयी है। प्रदर्शनी 5 मार्च तक सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक सभी के देखने के लिए उपलब्ध रहेगी।

## प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने प्रेस क्लब ऑफ रांची को 38 रन से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कीनन स्टेडियम में शनिवार को खेले गए एक दोस्ताना मुकाबले में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने प्रेस क्लब ऑफ रांची को 38 रनों से हरा दिया। कीनन स्टेडियम में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के कप्तान डॉ संजय पांडे ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 174 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब ऑफ रांची की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी। जमशेदपुर की ओर से ओपनर शुभदर्शी ने 42 गेंदो पर आठ चौके की मदद से 53 रन बनाए। रणधीर ने 19 गेंदों पर एक चौका की मदद से नाबाद 26 रन और चाणक्य ने 17 गेंदों पर दो चौके और चार छक्के की सहायता से 39 रनों की तूफानी पारी खेली।रांची की ओर से सुशील, पिंटू और मोनू कुमार ने एक-एक विकेट लिया। बल्लेबाजी करते हुए प्रेस क्लब ऑफ रांची के सुशील कुमार सिंह ने 21 गेंदो पर तीन चौके की मदद से 17 रन, मोनू कुमार ने 27 गेंदों पर एक चौका और छक्का की मदद से 22 रन, सुमित कुमार वर्मा ने दो चौके और एक छक्का की मदद से 20 गेंदों पर 28 रन और विक्की कुमार पासवान ने 21 गेंदो पर तीन चौके की मदद से 22 रन बनाए। जमशेदपुर की ओर चाणक्य ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। चाणक्य को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।प्रेस क्लब ऑफ़ जमशेदपुर और रांची प्रेस क्लब के खिलाड़ी पत्रकारों को हर्षो उत्साहित करने सांसद बिधुत वरन महतो पहुँचे और रनर विनर टीमों को कप देकर खेल की प्रसंशा किया है. सेमिफ़ाइनल दोनों 4 मार्च को दलमा एवं दोमुहानी और कालीमाटी बनाम जुबली के बिच होंगे और फ़ाइनल 6 मार्च को होगा।

# महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

## - 1014 छात्राओं को डिग्री व 28 छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** महिला विश्वविद्यालय सिडगोड़ा के पहले दीक्षांत समारोह में सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शामिल हुए। शनिवार को आयोजित इस दीक्षांत समारोह में 1014 छात्राओं को डिग्री दी गई। 28 छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया गया। राज्यपाल ने अपने हाथों से छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया। जिन छात्राओं को डिग्री और गोल्ड मेडल मिला है वे विज्ञान, सामान्य विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय की पोस्ट ग्रेजुएट छात्राएं हैं । राज्यपाल ने अपने दीक्षांत उद्बोधन में कहा कि महिला विश्वविद्यालय खुलने से छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत हो रही है उन्होंने छात्राओं के भविष्य की कामना की,शनिवार को आयोजित इस दीक्षांत समारोह में डीसी अनन्य मित्तल, एसपी किशोर कौशल और एसडीओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जियोलॉजिस्ट पीएन बोस की याद में टाटा स्टील ने बिष्टुपुर में बनाया पीएन बोस जियोलॉजिकल सेंटर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा समूह के संस्थापक जे एन टाटा को जमशेदपुर में प्लांट लगाने का पत्र लिखकर सुझाव देने वाले जियोलॉजिस्ट पीएन बोस की याद में टाटा स्टील ने बिष्टुपुर स्थित ई रोड, नार्दन टाउन के पास पीएन बोस जियोलिजिकल सेंटर बनाया है। आज इसका उद्घाटन टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने किया. इस सेंटर में जियोलॉजी से जुड़ी तमाम जानकारियां लोग ले सकेंगे. खास तौर पर आयरन ओर, कोयला, पैरॉक्सनाइट समेत अन्य तरह के भूगोलीय शास्त्र के बारे में जानकारी ली जा सकती है. उत्खनन का इतिहास से लेकर भूगोल की जानकारी यहां लोगों को दी जायेगी। खास तौर पर कंपनी और उनसे जुड़े हुए लोगों के पत्थरों के कलेक्शन को भी यहां संजोकर रखा गया है, जिसको प्रदर्शनी के तौर पर हमेशा रखा जायेगा। इसको बाद में आम लोगों के लिए भी खोला जायेगा। इसका प्रबंधन सेंटर फॉर एक्सीलेंस करेगी।टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने बताया कि इसके जरिये युवा जियोलॉजिस्ट पत्थरों, उत्खनन से लेकर पत्थरों के अलावा स्टील प्लांट की स्थापना में किस तरह खनन के कार्य का योगदान रहा है, इसको दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि दो बड़े क्वार्टर को मिलाकर इसको बनाया गया है, जिसको माइंस का स्वरूप दिया गया है। वही कैंपस के पार्क एरिया में भी पत्थर लगाये गये हैं, इसमें आयरन ओर, लाइम स्टोन से लेकर कई सारे वैसे स्टोन रखे गये हैं, जो स्टील के निर्माण में काम आता है। यहां कोयले के इतिहास से लेकर वर्तमान शोध की जानकारी दी गयी है।

संपादकीय

## पांच फीसदी से कम 'गरीब'

**भारत** सरकार ने राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) का 2022-23 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का सारांश छापा है। औसतन भारतीय परिवार, उसके खर्च और 'गरीबी' पर यह महत्वपूर्ण आर्थिक डाटा है। नीति आयोग ने इसकी रपट जारी की है। सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि देश की आबादी का 5 फीसदी से भी कम लोग, यानी 7.20 करोड़ भारतीय ही, 'गरीब' रह गए हैं। गरीबी का यह डाटा 2011-12 के बाद सामने आया है। एक ऐसा ही सर्वेक्षण 2017-18 में भी आया था। उसमें 'गरीबी' बढ़ती हुई दिख रही थी, लिहाजा मोदी सरकार ने वह रपट छिपा ली थी। तब सरकार के आर्थिक डाटा की खूब आलोचना हुई थी। 'गरीबी' की हकीकत पर कई सवाल भी उठाए गए थे, लिहाजा 11 साल के बाद यह सर्वेक्षण विधिवत सामने आया है, जिसमें अचानक 'गरीब' की 5 फीसदी से भी कम आबादी रह गई है। यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति माहवार खर्च 1441 रुपए है, जबकि शहरों में यही खर्च 2087 रुपए है। अब लोग गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज पर कम खर्च करते हैं, जबकि पैकेटबंद नमकीन, चिप्स और फल आदि पर ज्यादा खर्च करते हैं। 2022-23 की रपट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में भोजन पर खर्च प्रति व्यक्ति माहवार खर्च का 46 फीसदी किया जाता है। यह खर्च 1999-00 में 59 फीसदी था। शहरों में यही औसतन खर्च 39 फीसदी है, जबकि 1999-00 में भोजन पर यही खर्च 48 फीसदी था। अब फ्रिज, टीवी, मोबाइल आदि पर खर्च 15 फीसदी बढ़ा है। रपट स्पष्ट करती है कि औसत आय बढ़ी है, लिहाजा खर्च भी बढ़ा है, लेकिन खर्च की प्रवृत्ति और रुझान बदल गए हैं। यह सर्वेक्षण खुलासा नहीं करता कि इस अवधि में स्वरोजगार, वेतन, मजदूरी, दिहाड़ी आदि में कितनी बढ़ोतरी हुई है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले इस आकलन को सभी के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे हैं। करीब 23 करोड़ लोग रोजाना 375 रुपए कमाने में भी असमर्थ हैं। दत्तात्रेय के खुलासे को खारिज कैसे किया जा सकता है? गरीबी के विश्लेषण में भाजपा सरकार और आरएसएस नेता के बीच यह विरोधाभास क्यों है? सवाल यह भी है कि यदि देश में 7.20 करोड़ भारतीय ही 'गरीब' रह गए हैं, तो 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज क्यों बांटा जा रहा है? अभी तो 5 साल तक यह अनाज बांटा जाना है। बीते कुछ अंतराल से प्रधानमंत्री मोदी यह भी दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को 'गरीबी' से बाहर निकाला है। 'गरीबी' के ये आंकड़े संदिग्ध लगते हैं कि न जाने किस आधार पर 'गरीबी' तय की गई है! क्या नीति आयोग ने 'गरीबी' की परिभाषा और मानदंड तय कर लिए हैं? लिहाजा उन्हें भी सार्वजनिक किया जाए। बहरहाल सर्वेक्षण में कहा गया है कि गांवों में अनाज पर मासिक खर्च 4.91 फीसदी किया जाता है, जबकि शहरों में यह खर्च 3.52 फीसदी है। ग्रामीण दाल पर मात्र 2.01 फीसदी और शहरी 1.39 फीसदी खर्च करते हैं। भोजन के अलावा ग्रामीण परिवार अन्य वस्तुओं पर 53 फीसदी खर्च करते हैं और शहरी 60 फीसदी खर्च करते हैं। दो जून रोटी का विकल्प विलासिता वाली चीजों ने ले लिया है। ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति खर्च करीब 164 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरों में यह 146 फीसदी बढ़ गया है। मुद्रास्फीति को शामिल करके उपभोग ग्रामीण क्षेत्र में 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी दर से बढ़ा है, जबकि शहरों में यह दर 2.7 फीसदी है। यानी गांवों में उपभोग का स्तर और गति शहरों से ज्यादा तेज है। इन 11 सालों में जीडीपी की औसत विकास दर 5.7 फीसदी रही है।


देश की आबादी का 5 फीसदी से भी कम लोग, यानी 7.20 करोड़ भारतीय ही, 'गरीब' रह गए हैं। गरीबी का यह डाटा 2011-12 के बाद सामने आया है। एक ऐसा ही सर्वेक्षण 2017-18 में भी आया था। उसमें 'गरीबी' बढ़ती हुई दिख रही थी, लिहाजा मोदी सरकार ने वह रपट छिपा ली थी। तब सरकार के आर्थिक डाटा की खूब आलोचना हुई थी। 'गरीबी' की हकीकत पर कई सवाल भी उठाए गए थे, लिहाजा 11 साल के बाद यह सर्वेक्षण विधिवत सामने आया है, जिसमें अचानक 'गरीब' की 5 फीसदी से भी कम आबादी रह गई है। यह भी निष्कर्ष सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में प्रति व्यक्ति माहवार खर्च 1441 रुपए है, जबकि शहरों में यही खर्च 2087 रुपए है। अब लोग गेहूं, चावल, दाल आदि अनाज पर कम खर्च करते हैं, जबकि पैकेटबंद नमकीन, चिप्स और फल आदि पर ज्यादा खर्च करते हैं। 2022-23 की रपट के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र में भोजन पर खर्च प्रति व्यक्ति माहवार खर्च का 46 फीसदी किया जाता है। यह खर्च 1999-00 में 59 फीसदी था। शहरों में यही औसतन खर्च 39 फीसदी है, जबकि 1999-00 में भोजन पर यही खर्च 48 फीसदी था। अब फ्रिज, टीवी, मोबाइल आदि पर खर्च 15 फीसदी बढ़ा है। रपट स्पष्ट करती है कि औसत आय बढ़ी है, लिहाजा खर्च भी बढ़ा है, लेकिन खर्च की प्रवृत्ति और रुझान बदल गए हैं। यह सर्वेक्षण खुलासा नहीं करता कि इस अवधि में स्वरोजगार, वेतन, मजदूरी, दिहाड़ी आदि में कितनी बढ़ोतरी हुई है? आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले इस आकलन को सभी के सामने प्रस्तुत करते रहे हैं कि देश में 20 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के नीचे हैं।


### भारत भी पुरुषों के ऊपर घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा है

## घरेलू हिंसा में पुरुष प्रताडऩा क्यों?

डा. वरिंदर भाटिया


महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। रिसर्च पर आधारित तथ्य बताते हैं कि देश में घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसदी शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं, यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीडऩ करने वाली कुछ महिलाएं होती हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है, लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं।


**पुख्ता** और ताजा रिपोर्ट बता रही है कि दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी पुरुषों के ऊपर घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। रिसर्च पर आधारित तथ्य बताते हैं कि देश में घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसदी शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं, यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीडऩ करने वाली कुछ महिलाएं होती हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है, लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसदी से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। कुछेक महिलाओं द्वारा पुरुषों को प्रताड़ित करने से, पुरुषों द्वारा आत्महत्या के मामलों में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है जिसकी शिकायत पुरुष किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। उनमें सबसे बड़ा तर्क यह है कि महिलाओं को सुरक्षा देने के जो कानून बने हैं, उनके दुरुपयोग से पुरुषों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। मौजूदा कानून धारा 498-ए, अमरीका के जिस कानून से प्रेरित होकर यह कानून बनाया गया था, वह अमरीकी कानून जेंडर निरपेक्ष है और उसमें पुरुषों की प्रताडऩा के मामले भी देखे जाते हैं। रेप से जुड़े सख्त कानून हों या महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने के लिए बना कठोर कानून का यही मकसद है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर लगाम लग सके, जो ठीक



ही है, परंतु अब कई जगह इन कानूनों का तथाकथित दुरुपयोग भी देखने को मिलता है। यहां तक कि कुछ मामलों में देखा गया है कि फर्जी मामलों के जरिए ब्लैकमेल कर उगाही की कोशिश भी की जाती है। जैसे कि ब्रेकअप हो गया तो पार्टनर ने रेप का केस कर दिया। लंबे समय तक लिव-इन में रहे, लेकिन अनबन हो गई तो रेप का केस कर दिया, पति से अनबन हो गई, बात ज्यादा बिगड़ गई तो उसे घरेलू हिंसा के झूठे केस में फंसा दिया, इत्यादि। इस समय ऐसे मामलों में काफी वृद्धि हो रही है, लेकिन क्या इन घटनाओं के कारण झूठे हैं या नहीं, इसका जवाब तो आत्म दर्शन से भी आसानी से मिल सकता है। महिलाओं द्वारा पुरुषों पर हिंसा आज एक आम समस्या बन गई है। इसमें आर्थिक, शारीरिक, यौन और भावनात्मक शोषण के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार भी शामिल है, जो किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। पुरुष और महिलाएं भी लिंग आधारित हिंसा के शिकार हैं। भारत जैसे देश में, जो सदियों से पुरुष-प्रधान रहा है, लोगों के लिए यह विश्वास करना कठिन है कि पुरुष भी महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा के शिकार हो सकते हैं। इसका एक कारण यह हो सकता है कि भारत में किसी भी कानून में पुरुषों के खिलाफ घरेलू हिंसा को मान्यता नहीं दी गई है। हालांकि, आम धारणा के विपरीत, महिलाओं द्वारा मनोवैज्ञानिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। देश में मौजूदा कानूनों को देखते हुए, ऐसा कोई खास कानून नहीं है जो पुरुषों को अंतरंग साथी की हिंसा से बचाता हो। हां, कानून के अलावा, कुछ अन्य कारण भी मौजूद हैं जिनके कारण ऐसे मामले दर्ज नहीं हो पाते हैं, इनमें शामिल हो सकते हैं- सामाजिक धारणा कि पुरुष मजबूत होते हैं और रोना मुश्किल होता है, या यदि उन्हें कानूनी सहायता मिलती है तो यह उनके और उनके लिए असुविधा का कारण बन सकता है। परिवार, और सूची बढ़ती जाती है। ग्रामीण हरियाणा में 21 से 49 वर्ष की आयु के 1000 विवाहित पुरुषों के सर्वेक्षण के अनुसार, 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के दस में से एक पुरुष ने घरेलू हिंसा का अनुभव किया है। शोध से पता चलता है कि केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष भी ऐसी हिंसा के शिकार होते हैं। इस बात से इनकार करने का कोई कारण नहीं है कि महिलाओं को पुरुषों द्वारा अंतरंग साथी हिंसा का शिकार होना पड़ता है। लेकिन पुरुषों को भी इससे बचाने के लिए कोई कानून न होने का कोई उचित आधार नहीं है। हर कोई मानवाधिकार और लैंगिक समानता के अधीन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 नागरिकों को समान व्यवहार के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है, और अनुच्छेद 15 धर्म, नस्ल, लिंग, जाति या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। भारतीय संविधान कहता है कि सभी नागरिकों को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार है। फिर पुरुष इसका अपवाद कैसे हो सकते हैं? इस क्षेत्र में घरेलू हिंसा को रोकने और कम करने के लिए, लिंग-तटस्थ कानून लागू किए जाने चाहिए और लिंगवादी कानून नहीं बनाए जाने चाहिए। पुरुषों के खिलाफ मानसिक और शारीरिक प्रताडऩा, न तो अब संवेदनहीन मुद्दा है, न ही इस पर बात करना महिला अधिकारों का किसी प्रकार का अतिक्रमण है। जहां तक पुरुषों के उत्पीडऩ का प्रश्न है, इस पर बात करना मानव अधिकारों का, समाज में संतुलन बनाए रखना है। एक देशी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मार्टर्स ऑफ मैरिज' में ऐसे पुरुषों की कहानी बयां की गई है जिन्होंने झूठे केस में फंसाए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। इस कड़वी हकीकत के बावजूद देश की उच्च अदालतों ने समय-समय पर कुछ ऐसे बड़े फैसले दिए हैं जो पीड़ित पुरुषों के लिए बहुत राहत वाले रहे हैं। हमारे देश के संविधान में और कानून में लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। लेकिन क्योंकि आज इन प्रावधानों के बावजूद, समाज में पुरुषों के नाजायज शारीरिक और मानसिक उत्पीडऩ का रुझान पनप रहा है, इस बात पर एक फैसलाकुन सामाजिक बहस की दरकार है।

दृष्टि कोण

## क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

**अंधेरों** एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुईं। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी




कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है। सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है? अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था।

कुछ अलग

## अशुद्ध ही बुद्ध है...


**पता** नहीं क्यों इन दिनों भगवान इनकी तरह मेरा भी कदम कदम पर बहुत ध्यान रखने लगे हैं। हो सकता है, मैं उनकी नजरों में उनके काबिल हो रहा होऊं! पर मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि चलो, कम से कम मैं किसी की नजरों में किसी के लायक तो हुआ। इसलिए अब मैं भी प्रतिफल में इन दिनों ऑफिस जाने से पहले बिन नागा उनका स्मरण कर ही ऑफिस खाने को डग भरता हूं। माथे पर उनके नाम का छापा लगाता हूं ताकि मेरे भ्रष्ट आचरण पर सीधा लांछन न लगे। हर किस्म का छापा लांछन में ढाल का काम करता है। छापा कुछ भी भ्रष्ट छिपाने का सीधा सीधा सबसे सरल हथियार है। प्रयोग करके देखिए, शर्तिया लाभ मिलेगा। मैंने एक से एक पहुंचों हुओं को ये सब सफलता से करते देखा है। आजकल ऑफिस में लेने का काम ही इतना है कि बीपी कुछ अधिक ही हो गया है। सफल जन सेवक वह जो जनता को देने के बदले उससे ले ही ले। कुर्सी पर पासा पलटने को वक्त नहीं। डर है, कहीं अब जनता को समर्पित को सर्वाइकल भी न हो जाए। हो जाए तो हो जाए। मेवों के लिए हर रोग कुबूल! आज जो आप मेरे आसपास ऊपरी तौर पर जो भी थोड़ा बहुत देख रहे हैं, सब उनकी ही कृपा है। वह देते हैं तो टूटी कुर्सी पर बिठा कर भी छप्पर फाड़ कर देते हैं। ऐसे में मेरे जैसे तात्कालिक ईमानदारों को उनका आभार व्यक्त कर ही लेना चाहिए शायद! जिस पर उनकी कृपा हो वह पीउन भी देखते ही देखते करोड़ों का स्वामी हो जाता है। कल ऑफिस में जरा सी फुर्सत मिली तो याद आया कि पगले तू तो जन सेवा में इतना लीन हो गया कि बीपी की गोली खाना ही भूल गया! ये कंबख्त रिश्वत की भूख मेरे जैसे साधारण जीव को भी क्या क्या लेना भुला देती है? तब वह यह भी भूल जाता है कि जान है तो बेईमान है। तब मेरे सामने पड़े बंदे को अपनी जेब बंद रखने को कह मैं अपनी जेब से बीपी की गोली निकाल बिन पानी ही मुंह में डालने को हुआ ही कि मेरे क्लाइंट को पीछे धकेलते मेरे प्रभु मेरे आगे। उन्होंने मेरा हाथ पकड़ते कहा, 'रे मेरे प्यारे! ये क्या रहे रहो हो?' 'जनहित में बीपी की गोली ले रहा हूं। भूल गया था। आजकल ऑफिस में खाने का प्रेशर इतना बढ़ता जा रहा है कि...अब जनता है तो उसकी सेवा तो करनी ही पड़ेगी न! मैं ऑफिस आता क्यों हूं? तुम जनता की सेवा करने वाले ऐसे पद अपने भक्तों को बड़े नसीब से देते हो। अब तो रात को सोए सोए भी रिश्वत क्रीड़ा कम होने का नाम नहीं ले रही प्रभु!'' अखबार में पढ़ा नहीं कि इस बीपी की दवा का सैंपल फेल हो गया है। इसे खाओगे तो कुछ भी हो सकता है।' 'अखबार तो पता नहीं क्या क्या नहीं छापते रहते हैं प्रभु! छापना उनका काम है। छोड़ो प्रभु! सच पूछो तो हम जैसों को अब वही चीजें सूट करती हैं जिनके सैंपल फेल हो चुके हों। देखते नहीं, अखबारों में रोज दूध से लेकर दही तक के सैंपल फेल चल रहे हैं। पर हम तुम्हें भी भोग में पूरे उत्साह से उन्हें ही लगा रहे हैं और अपनी रीढ़ मजबूत करने के लिए खुद भी उन्हें पी खा रहे हैं। अपनी रसोई के आटे का सैंपल फेल है। अपनी रसोई की दाल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के नमक का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के मसालों का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के शुद्ध सरसों के तेल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई की चीनी का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के चावल का सैंपल फेल है। अपनी रसोई के पानी का सैंपल फेल है। अपनी नाक की हवा तक का सैंपल फेल है। और तो छोड़िए प्रभु! अब तो ईमानदार विचारों, अचारों, व्यवहारों तक के सैंपल फेल हुए जा रहे हैं। पर एक सैंपल फेल ईमानदार अचार, विचार, व्यवहार हैं कि समाज को नई दिशा देने में जुटे हैं।

देश दुनीया से

## अब रावी सिर्फ भारत में बहेगी


जम्मू-कश्मीर व पंजाब के लाखों किसान परिवारों के हित में रावी नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का साहसी फैसला लिया था। यह फैसला अब हकीकत बन गया है। शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने और पाकिस्तान को पानी रोकने से दोनों राज्यों के किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। अब जम्मू के कठुआ और सांबा जिलों की 1,27,587 बीघे और पंजाब की 20,624 बीघे जमीन की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। देश के सर्वोच्च हितों का ख्याल रखते हुए और 1960 की सिंधु जल संधि की मूल भावना के अनुरूप रावी नदी पर 3,300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार शाहपुर कंडी परियोजना जम्मू व पंजाब के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी।


**बात** 2016 की है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए जम्मू-कश्मीर व पंजाब के लाखों किसान परिवारों के हित में रावी नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का साहसी फैसला लिया था। यह फैसला अब हकीकत बन गया है। शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने और पाकिस्तान को पानी रोकने से दोनों राज्यों के किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। अब जम्मू के कठुआ और सांबा जिलों की 1,27,587 बीघे और पंजाब की 20,624 बीघे जमीन की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। देश के सर्वोच्च हितों का ख्याल रखते हुए और 1960 की सिंधु जल संधि की मूल भावना के अनुरूप रावी नदी पर 3,300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार शाहपुर कंडी परियोजना जम्मू व पंजाब के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी। यह कठुआ और सांबा जिले के लिए 32 वर्षों बाद एक सपने के सच होने जैसा है, क्योंकि यहां के लोगों को सिंचाई सुविधाओं की कमी के चलते परेशानी उठानी पड़ती थी। इसके अलावा, इस वर्ष के अंत तक तैयार होने वाली 206 मेगावाट की परियोजना से पंजाब के किसान लाभान्वित होंगे। इस पूरे मामले में पाकिस्तान ने सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधी हुई है। पहले कहा जा रहा था कि रावी का पानी रोके जाने पर पाकिस्तान में काफी हल्ला मचेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो इसकी वजह है कि 1960 की सिंधु जल संधि के प्रावधानों का कहीं कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इस संधि के अनुसार, रावी, सतलज व ब्यास नदी के पानी पर भारत का और झेलम, सिंधु व चिनाब के पानी पर पाकिस्तान का विशेष अधिकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में ही घोषणा की थी कि भारत रावी, सतलज व ब्यास नदियों के पानी के समुचित उपयोग व पाकिस्तान में बहने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए तार्किक कदम उठाएगा। तीनों नदियों के पानी के उपयोग और इसे जम्मू-कश्मीर व पंजाब के किसानों को उपलब्ध कराने की पद्धति का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया था। इससे पहले 1995 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिंह राव ने शाहपुर कंडी बांध की आधारशिला रखी, लेकिन यह पंजाब व जम्मू-कश्मीर सरकारों की खींचतान में उलझ कर रह गया। राजनीतिक वजहों से इसके क्रियान्वयन में जो साढ़े चार वर्ष की देरी हुई, उससे इसकी लागत 2,793 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,300 करोड़ रुपये हो गई। प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप व प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री, जो खुद जम्मू के निवासी हैं, के प्रयासों से गाड़ी फिर से पटरी पर लौटी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक वित्त की व्यवस्था हुई। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र को अपना हिस्सा साठ से घटाकर चौदह फीसदी करने के लिए राजी किया। इस परियोजना में 71.39 फीसदी बिजली और 28.61 फीसदी सिंचाई से जुड़े घटक भी शामिल हैं। केंद्र ने इसे नाबार्ड के जरिये



वित्तपोषित किया है। पंजाब के पठानकोट जिले में रावी नदी पर वर्तमान सागर बांध के डाउनस्ट्रीम पर स्थित शाहपुर कंडी बांध की ऊंचाई 55.5 मीटर है। इसमें दो पावर हाउस भी हैं, जो राजस्व कमाने के लिए सिंचाई और बिजली के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से जम्मू के किसानों की बंजर जमीन का शाप खत्म हो सकेगा, जो कि कंडी का शाब्दिक अर्थ है। इस परियोजना से हरियाली बंजर भूमि का स्थान लेगी और बाढ़ व तबाही का नियमित खतरा कम हो जाएगा। 1,378 मीटर की तीसरी जे एंड के नहर कठुआ के 512 गांवों की छह लाख से ज्यादा आबादी और सांबा के 368 गांवों की तीन लाख से ज्यादा आबादी को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर को रावी से 6.9 लाख एकड़ फीट पानी की पात्रता के अलावा 3.40 रुपये प्रति यूनिट की दर से परियोजना से उत्पन्न 20 फीसदी बिजली मिल सकेगी। इस परियोजना से दोनों राज्यों की पर्यटन क्षमता में भी इजाफा होगा। विश्लेषकों का मानना है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति नौकरशाही संबंधी बाधाओं व वित्तीय चुनौतियों को खत्म कर देती है। शाहपुर कंडी बांध परियोजना में ठीक यही दिखा। लेकिन अंततः यह जम्मू-कश्मीर व पंजाब के किसानों के उदास चेहरों पर खुशियां लेकर आई है।

आप का नजरीया

## कफन ओढ़े मॉल रोड

**शिमला** के मॉल रोड पर कफन बिकने लगे, हमारी आंखों के सामने कत्ल दिखने लगे। जिस मॉल रोड पर हिमाचल की कानून व्यवस्था नाज करती है। जहां भीड़ में भी शिष्टाचार की संगत चलती है। जहां पुलिस चौकसी के इंतजाम गारंटी देते हैं कि हिमाचल शांत है, वहां पुलिस रिपोर्टिंग रूम में कफन ओढ़े एक युवा अपने ही कत्ल की शिकायत कर गया। यह दृश्य वीभत्स है और हमारी व्यवस्था के सामने लाश बनकर कई प्रश्न उठा देता है। बेशक कत्ल की वारदात एक रेस्तरां के भीतर होती है, लेकिन गुनाह की परतें मॉल रोड से होकर गुजरीं और एक निर्मम हत्या की चीखों के बीच हमारे सन्नाटे नहीं टूटे। ये सन्नाटे तब भी नहीं टूटे जब एक पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए प्रहार को हमने सियासत के दर्पण में देखने की कोशिश की। इतना ही नहीं, वर्तमान विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा की हत्या की सुपारी एक खबर बनकर घूम रही है, लेकिन हम इस भ्रम में हैं कि इसके पीछे कुछ तो सीलबंद सियासत है। शिमला मॉल पर हत्या दरअसल मॉल रोड की हत्या सरीखी है, क्योंकि जहां कोई पंख नहीं मार सकता, वहां अब अपराध के वर्चस्व की खबर इसके कानों तक नहीं। हम अलग-अलग कारणों से पिछले दिनों की पुलिस को अदालत में खड़ा देखते हैं। कहीं किसी व्यापारी की शिकायत पर पुलिस प्रक्रिया को देखते हैं, तो पदों की खुशामद में वफादारी देखते हैं। कहीं तो लचर हैं हमारे हाथ, वरना चूडियां हमें क्यों मिलतीं। हम कानून व्यवस्था के मानदंड को इस खुशफहमी में नहीं देख सकते कि हिमाचल भोले-भाले लोगों का प्रदेश है। कानून के आईनों में धूल झोंकने के सबूत अब इसी की व्यवस्था में भी मौजूद हैं। आर्थिक गतिविधियों में इजाफा, नई आर्थिकी से निकलते रोजगार, अंतरराज्यीय अपराधों की जुगलबंदी, नशे के बढ़ते कारोबार और पर्यटन के मार्फत आता व्यापार साधारण नहीं है और न ही इसे सहजता से देखा जा सकता है। जिस पुलिस की भर्ती में पेपर लीक जैसे अभिशाप हैं, वहां इसके दरमियान अपराध की गुंजाइश प्रमाणित नहीं तो फिर ऐसा क्यों है कि एक व्यापारी ने ही आरोपों से कई स्तंभ गिरा दिए। दूसरी ओर समाज की दृष्टि में आ रहे खोट ने भी जीवन को प्रतिस्पर्धा का खिलौना बना दिया। हम आंकड़ों में खुद और व्यवस्था पर मेहरबानी दिखा सकते हैं, लेकिन हकीकत के पंजों में खतरों का हिसाब बढ़ा है। ऐसे में कानून व्यवस्था जो कल तक अवैध खनन, नशे की तस्करी तथा शराब व वन माफिया की करतूतों में खुद को पहरेदार दिखाती थी, आज उसकी आंखों में कई तरह का दोष बढ़ा है। राजधानी शिमला के मुख्य स्थल और कानून व्यवस्था के प्रतीकों में से सर्वश्रेष्ठ संज्ञा माना गया मॉल रोड अभिशप्त हुआ, तो कहीं सारी चौकसी और पुलिस सतर्कता का हुजूम भी हार गया। ऐसे में सवाल अब असहज होकर व्यवस्था परिवर्तन के विषय में सरकार से पूछ रहे हैं। हिमाचल में सतर्कता के मायने सडक़ से शहर तक और गांव से राजधानी की गरिमा तक बदलाव चाहते हैं। ऐसे में जब शहरी व्यवस्था में नगर निगम के अवतार बनाए जा रहे हैं और हम बात कर रहे हैं कि मौजूदा डेढ़ करोड़ पर्यटकों की आमद को पांच करोड़ तक पहुंचाएंगे, तो इसकी शुमारी और व्यवसाय की खुमारी में, नई कानून व्यवस्था क्या होगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## गांगपुर के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत गांगपुर में चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क में एस आई अशोक पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां दर्जनों मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट जूता एवं ज़रूरतें की कागजात जांच पड़ताल की गई। तथा डिक्की जांच किया गया। बिना हेलमेट और जूता वाले को हिदायत करते हुए छोड़ गया।और चालकों को बतलाया गया कि अदि इस प्रकार से बिना जूता हेलमेट के पकडाते हैं।तो कानूनंदन कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना के सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे।

# आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभाग द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 से सोशल मीडिया अभियान #IamVerifiedVoter का संचालन करने का निर्देश प्राप्त है। इसे लेकर आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सर्वप्रथम उन्होने सभी उपस्थित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का जन जन तक सूचनाओं को पहुंचाने में बहुत बड़ा योगदान है। आगे उन्होने कहा सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 04 मार्च 2024 को 10:00 बजे से सोशल मीडिया पर #IamVerifiedVoter अभियान चलाया जाएगा। इसी दिन मतदाता अपने मतदान केन्द्र पर पहुंच कर अपना नाम मतदाता सूचि में देख सकते है और अगर किसी प्रकार की त्रूटि पाई जाती है तो संबंधित बूथ स्तर के पदाधिकारी से सम्पर्क कर मतदाता सूचि में सुद्धि करा सकते है व छुटे हुए मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते है। आगे कहा अगर कोई मतदाता मतदान केन्द्र पर नहीं पहुंच पा रहे है तो वो वोटर हेल्प लाईन एप्प के माध्यम से भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करवाने हेतु आवेदन कर सकते है और ईपिक नम्बर डालकर मतदाता कार्ड को भी देख सकते है। इसके अलावे voters.eci.gov.in के माध्यम से अपना नाम जांच कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए टॉल फ्री नं0 1950 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने पत्रकार बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि अगर आप सभी के नजर में कोई मतदाता छुटे हुए है तो उसकी जानकारी बूथ स्तर के पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी को दे सकते है। जिससे छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूचि में शामिल किया जा सकता है। आगे उन्होने कहा 04 मार्च से सोशल मीडिया पर चलने वाले अभियान को सफल बनाने में आपसबों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूचि अथवा ऑनलाइन नाम जांच करने के उपरांत मतदाता पर्ची की प्रति के साथ सेल्फी, फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि पर #IamVerifiedVoter का उपयोग कर साझा किया जा सकता है। चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में कुल 789171 मतदाता है। जिसमें महिला 383788 पुरूष 405381दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 12484 थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 वहीं एसएसआर 2024 कार्यक्रम के तहत अभी तक कुल 41172 मतदाताओं को मतदाता सूचि में शामिल किया गया है एसएसआर 2024 के बाद भी 2479 मतदाता को मतदाता सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिले भर के विद्यालय मतदान केंद्र, निजी संस्थान, प्राइवेट संस्थान, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप कैलेंडर के अनुसार तरह तरह की गतिविधि कराई जा रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बीडीओ व सीओ ने बिएलओ को मतदाता संबंधित दिया प्रशिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित सिंगल विंडो में शनिवार को लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचलाधिकारी राकेश सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे। मतदाताओं को समय से मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध करा देंगें। बिएलओ अपने बूथों पर मतदान से एक दिन पहले सभी तैयारी पूरी कर लेंगे। बूथ तक आने के लिए रास्ता का भी व्यवस्था कर लेंगे।बूथ पर पानी बिजली की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बूथों पर पोलिंग पार्टी की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। मतदान के दिन दिव्यांग और वृद्धि मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग करें। बैठक में सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त के द्वारा अभिवंचित समूह व कमजोर वर्ग के बच्चों के विद्यालय में नामांकन हेतु किया गया पहल



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** निःशुल्क एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के 12(1) ष्ट अन्तर्गत मान्यता प्राप्त जिले के तीन विद्यालयों डीएभी पब्लिक स्कूल चतरा, डीएभी पब्लिक स्कूल बचरा, इन्दुमति टिबडेवाल विद्या मंदिर, चतरा में प्रवेश कक्षा में अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का शैक्षणिक सत्र 2024.25 में निः शुल्क नामांकन हेतु समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान द्वारा ऑनलाईन पोर्टल का विधिवत उदघाटन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं साफ्टवेयर कंपनी बिट्सफेयर के बिजनेस प्रतिनिध किशु कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# युवा चौपाल के तहत लोगों को किया जा रहा है जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावा, बारियातू द्वारी बारिसाखी पंचायत के विभिन्न गांव में भाजयुमो के युवाओं के चौपाल का आयोजन कर घर-घर में प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। यह कार्य जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के निर्देशानुसार करवाया गया है। जहां गिद्धौर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू साव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजन किया गया।मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता उपस्थित हुए।इन्होंने युवा चौपाल के माध्यम जन जन तक मोदी जी के जनकल्याणकारी योजना को युवा मोर्चा बताने का काम कर रहे हैं।और नए युवाओं को जोड़ने का काम भी करेंगे। जहां मुख्य रूप से मनीष सिंह एवं सभी केंद्र के मुख्य वक्ता संयोजक, सहसंयोजक कार्यक्रम के प्रभारी अशोक गुप्ता प्रखंड महामंत्री राकेश गुप्ता अनिल कुमार ओबीसी मोर्चा बिंदेश्वरी यादव दूरसंचार जिला प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव भाजपा युवा प्रखंड उपाध्यक्ष विकास यादव विक्रम पांडे सोनू सिंह भाजपा युवा प्रखंड महामंत्री मिथिलेश सिंह भाजपा ओबीसी मोर्चा महामंत्री संजय यादव, विनोद साहू,युवा प्रखंड उपाध्यक्ष राजू संतोष दांगी जय प्रकाश विनोद कुमार, विकास कुमार, प्रणेश गुप्ता युवा मीडिया प्रभारी अनिल कुमार एवं सभी भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता दल कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सभी ने फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्प लिए।

# वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न, जांच में पहुंचे डीपीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ कार्यालय सभागार में वार्ड सदस्यों को पंचायतीराज के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। जिसका ट्रेनर प्रकाश राणा एवं सुरेश राणा थे।प्रशिक्षण में उपस्थित वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत कई जानकारियां बतलाएं इस क्रम में चतरा से जांच के लिए डीपीएम सुनील कुमार सिंह पहुंचे। जहां वार्ड सदस्यों को देखकर प्रशंसा किया। एवं अन्य जानकारी प्राप्त किया। अमित सिंह ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पंचायतीराज अधिनियम, ग्राम सभा मे भागीदारी की जानकारी, कार्यकारणी की जानकारी, ग्राम सभा वार्ड सदस्यों का प्रोत्साहन राशि, सतत विकास का लक्ष्य सहित अन्य जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड से दर्जनों वार्ड सदस्य शामिल थे।

## अनियंत्रित मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई एक की मौत, दो घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ टमटम टोला पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की देर रात एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित पेड़ से जा टकराई जिसमे सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपेश उराव 15 वर्ष पिता महेश उरांव,आशीष उरांव 16 वर्ष पिता राजदेव उराँव, सुदेश उराँव 21 वर्ष पिता रामवृक्ष उराँव ग्राम गेरेन्जा थाना बालूमाथ निवासी बारियातू बाजार से अपने घर वापस गेरेन्जा लौट रहे थे। इसी दौरान टमटम टोला स्थित पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई ।जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगो की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। जहां इलाज के दौरान सुदेश उराँव की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिए हैं।

## हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू ने सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में आजसू पार्टी के द्वारा 2 मार्च को हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन केंद्रीय सदस्य सह महुआडांड़ प्रभारी राकेश सिंह के नेतृत्व में सरयू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे सरकारी योजनाओं का जायजा लिया गया।मुख्य रूप से सरकार की महत्वाकांक्षी योजना तालाब निर्माण को देखा गया सभी तालाबों की गहराई काफी कम की गई है,किसी भी कार्य स्थल पर सिलापट्ट नहीं लगाया हुआ था जो भारी अनिमितता को दर्शाता है। सरकारी योजनाओं में सक्षम पधाधिकारी बिचौलियों के साथ साठ गांठ कर जनता के गाढ़ी कमाई का गबन कर रहे हैं जिसका आजसू पार्टी तबतक विरोध करेगी जबतक जनता को न्याय नही मिल जाता है और ऐसे पदाधिकारियों को जेल नहीं भेज दिया जाता है आजसू लगातार सरकार की पोल को खोलते रहेगी। और जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते रहेगी।मौके पर अंकित दुबे, बिजेंद्र दास, नितेश जयसवाल, विकास कुमार, अर्जुन राम आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आई एम वेरीफाईड वोटर अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर 04 मार्च को किया जायेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की आई एम वेरीफाईड वोटर अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर 04 मार्च को किया जायेगा। उक्त अभियान के तहत जिलें के प्रत्येक मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाईन वोटर हेल्प लाइन या वोटर्स सर्विस पोर्टल (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जाँच कर संतुष्ट हो सकते है। उनका नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन समर्पित करेंगे। सभी मतदाता वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड करेंगे। वे मतदाता सूची अथवा ऑनलाईन नाम जाँच करने के उपरान्त संतुष्ट होने पर मतदाता सूची / वोटर इन्फोर्मेशन स्लीप की प्रति के साथ सेल्फी / फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म यथा फेसबुक ट्वीटर/इंस्टाग्राम आदि पर हैशटैग आइ एम वेरीफाईड वोटर का उपयोग करते हुए पोस्ट करेंगे। इस अभियान में बीएलओ यह सत्यापन करेंगे कि सभी सुयोग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो तथा दर्ज हर मतदाता के पास अपडेट एपिक हो। इस कार्य में सभी राजनीतिक दलों, मतदाताओं, विभिन्न एजेंसियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों आदि सभी से सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि अब तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 557912 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 256761, एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 301151, फर्स्ट टाइम वोटर्स 22644 मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में आप सभी मीडिया प्रतिनिधियां से आग्रह होगा कि आगामी लोक सभा आम चुनाव में आप सभी के सहयोग से मतदाताओं को जागरूक करते हुए शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। प्रेस वार्ता में निर्वाची पदाधिकार सह अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग कर्मी आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर चतरा लोस सीट से अपनी उम्मीदवारी पेश किया : पंकज तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चतरा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाने को लेकर कांग्रेस महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह लातेहार जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने चतरा संसदीय सीट से अपनी उम्मीदवारी पेश किया। श्री तिवारी ने सौंपे गये आवेदन पत्र में कहा है कि 1993 से छात्र राजनीति एनएसयूआई से युवा कांग्रेस व कांग्रेस के विभिन्न पदों पर लगातार सेवा व जनहित में संघर्ष किया है को बताते हुए कहा कि इस चतरा सीट से 1952 से आज तक स्थानीय सांसद नहीं हुए हैं जबकि कांग्रेस 3 बार इस सीट से विजयी हुई है। इस बार के चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार को लेकर जोरदार माँग हो रही है। इस मौके पर कांग्रेस के कामगर यूनियन के लातेहार जिला अध्यक्ष कामिल अंसारी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सुनील प्रसाद व लातेहर युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अमित उराँव आदि मौजूद थे।

## महुआडांड़ के चिकनी कोना में रोड निर्माण व गर्डवाल निर्माण में भारी अनियमितता

# जिला परिषद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि स्तेला नगेसिया ने घटिया कार्य को लेकर दिखाई नाराजगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रखंड के ओरसा पंचायत के अंतर्गत चिकनीकोना ग्राम में ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी के द्वारा घटिया रोड का घटिया निर्माण कराया जा रहा है. वही चीकनीकोना गांव के मजदूर छोड़कर बिहार से मजदूर ला कार्य कराया जा रहा है। जबकि काम के अभाव में इस क्षेत्र से मजदूर का पलायन प्रखंड भर में सबसे अधिक होता है. इसे लेकर जब गांव के मजदूरों ने विरोध किया तो ठेकेदार के द्वारा उन्हे नक्सली बता कार्य में बाधा उत्पन्न करने के नाम पर फंसाने की धमकी दी जा रही है। **ग्रामीणों के आग्रह पर जिला परिषद पहुंची ठेकेदार को कहा कार्य बंद करने के लिए :** जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया को ग्रामीणों ने बुलाकर घटिया निर्माण एवं मजदूरी कार्य नही मिलने की शिकायत कि योजना स्थल पर पहुंचकर जिला परिषद ने ठेकेदार को कार्य बंद करने को कहा संबंधित विभाग के जेई की उपस्थिति में रोड का कार्य करने को कहां लेकिन ठेकेदार के द्वारा कार्य बंद नही किया गया है। **2021-22 की है योजना, अब तक पूर्ण नही :** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत ग्रा. वि. वि.(ग्रा. का. मा.) कार्य प्रमंडल लातेहार के द्वारा मेढ़ारी से चिकनीकोना तक कुल लम्बाई 1.6 कि.मी. पीसीसी रोड एवं पुल का निर्माण करना है। इस कार्य को करने का आदेश संवेदक ए. के. एण्ड आर. के. कंपनी को दिया गया था। यह योजना वर्ष 2021-22 की योजना है। पर ठीकेदार के कार्य करने की गति इतनी धीमी है कि कार्य एग्रीमेंट किये हुए दो वर्ष होने को हैं परन्तु अभी तक रोड पूर्ण नही हो पाया है। ज्ञात हो कि कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथी अगस्त 2023 तक ही थी। अब तक पचास प्रतिशत कार्य भी नही किया जा सका है। गांव के जय कुमार तुरी, सुरेश महतो, लालदीप महतो, सागर यादव, राजू उरांव आदि ने बताया कि ठीकेदार के द्वारा अधुरे कार्य कर छोड़ दिए जाने से बरसात में हमारा ग्राम टापू में तब्दील हो जाता था. यह भी बताया कि जब मार्च का महिना आता है, तो ठेकेदार के द्वारा थोड़ा सा कार्य कर पैसा निकाल कार्य बंद कर दिया जाता है, कई मजदूर की मजदूरी भी बकाया है। क्या कहती है जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया सह सांसद प्रतिनिधि वहीं जिला परिषद सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि स्तेला नगेशिया ने कहां की हमने घटिया निर्माण कार्य को लेकर जब संवेदक से बात करना चाहा तो उन्होने मुझे ही धमकी देकर संवेदक कहने लगा जहां जाना है जाइये पर काम किसी भी स्थिति में नहीं बंद होगा सब जगह मैनेज है क्या कहते हैं वहां के वार्ड सदस्य वही चिकनी कोना के वार्ड सदस्य राजू तिर्की ने बताया कि हम लोग गांव वाले जब भी इस काम का विरोध किये तो हम लोगों को माओवादी केस में फंसा देने की धमकी और थाना में एफ आई आर कर जेल भेज देने बात संवेदक के द्वारा दी जाती है क्या कहना है रोड निर्माण में लगे वहां के मजदूर का वही वहां रोड निर्माण में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हम लोग इसी गांव के रहने वाले हैं और काम भी यहां कर रहे हैं हम लोगों को बहुत महीना से संवेदक के द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है कितना मिलता है मजदुरी वही मजदूरी दर पूछने पर मजदूरों ने बताया कि हम लोगों को मजदूरी दर दिनभर का 200 तो कभी ढाई सौ ही मिलता है वहीं जिला परिषद सदस्य संह सांसद प्रतिनिधि स्तेला नगेसिया के बुलाने पर चिकनी कोना कार्य स्थल पर जब (प्रेस )मिडिया के लोग पहुँचे तो संवेदक के द्वारा प्रेस मिडिया के लोगों को भी झूठा केस कर फंसा देने की भी संवेदक के द्वारा कही जा रही है वही वहां के ग्रामीणों ने घटिया निर्माण को लेकर के उच्च स्तरीय जांच की मांग वहां के ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेण डांग अनुमंडल पदाधिकारी बिपीन कुमार दुबे एवं डीसी लातेहार से की है।

# शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ आदर्श नगर में आयोजित सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।जहाँ बनारस से आये स्वामी श्री शेषानारायणचार्य जी महाराज ने मंत्रोच्चार व बिधि बिधान साथ कलस शोभा यात्रा निकाला, कलश शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर मुरपा मोड़, ब्लॉक, होते हुवे मकैया टांड बड़की नदी पहुँची जहाँ यज्ञ आचार्य जय प्रकाश उपाध्याय द्वारा पूजा किया गया उसके बाद श्रद्धालुओ द्वारा कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुँचे। इस कलस यात्रा में शामिल श्रद्धालु द्वारा जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी के नारे से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ज्ञात हो कि बालूमाथ आदर्श नगर में सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है जहाँ तीन मार्च से यज्ञ प्रारंभ, प्रवचन एवं रामलीला का आयोजन किया गया है एवं 7 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा तथा 9 मार्च को पूर्णाहुति की जाएगी। इस कलस यात्रा में यज्ञसमिति के अध्यक्ष रामदर्शन तिवारी, पूर्व विधायक प्रकाश राम, जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, पूर्वी जिला परिसद प्रियंका कुमारी, शिक्षक निर्मल कुमार सिन्हा, मनोज कुमार यादव, दशरथ पासवान, गजेंद्र चौबे, रति गंझू, धनुषधारी गंझू, प्रदीप गंझू, रवि सिंह, शैलेश सिंह, राजकुमार भगत, लाल देव गंझू, अखिलेश भोगता, अवधेश भगत, रवि सिंह, जगनारायण पाठक, दीपक यादव, उपेंद्र रंगीला, बिनोद बिहारी, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# निर्वाचन आयोग द्वारा समावेशी चुनाव में सबकी भागदारी सुनिश्चित हो इसे लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में आमजनों की चुनावी भागीदारी बढ़ाने में मिडिया की महत्तवपूर्ण भूमिका। यह बातें उपायुक्त ने सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से कही। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मीडिया के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार से इसके सकारात्मक परिणाम देखे जा सकते है। उन्होंने कहा प्रायः यह देखा गया है कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण वे मतदान करने नहीं जाते हैं, उपायुक्त ने बताया की इसके लिए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को घर-घर भेजकर सभी मतदाताओं के पास पहचान पत्र उपलब्ध है या नहीं के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा जिनके पास इपिक कार्ड उपलब्ध नहीं उनका नया रिप्लेसमेंट एपिक कार्ड बनाने की प्रक्रिया अब भी जारी है। 4 मार्च प्रातः 10 बजे से सोशल मीडिया में #Iam VerifiedVoter हैस्टैग अभियान का होगा आयोजन उक्त अभियान के तहत जिले के प्रत्येक मतदाता से यह अपील है कि वह अपना नाम मतदान केंद्र जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची से अथवा ऑनलाइन Voter Helpline App या वोटर्स Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लेंगे कि उनका नाम संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची में दर्ज है। यदि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, अथवा कोई त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने एवं सुधार आदि हेतु आवेदन संबंधित बीएलओ अभियान दिवस को अपने मतदान केंद्र पर प्रपत्र 6,7 एवं 8 के साथ उपस्थित होंगे। सभी सदस्यों से अपील है कि वह मतदाता सूची अथवा ऑनलाइन नाम जांच करने के उपरांत संतुष्ट होने पर मतदाता सूची/ Voter Information Slip, की प्रति के साथ सेल्फी/फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर Facebook /Twitter/ Instagram आदि पर हैशटैग #IamVerifiedVoter का उपयोग करते हुए पोस्ट किया जाय।

## जयंत सिन्हा चुनावी प्रक्रिया से दूर रहने के बात पुनर्विचार करें : अनूप भाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से सक्रिय चुनाव प्रक्रिया से अपने आप को दूर करने के आग्रह किए हैं । जिस पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई अपना प्रक्रिया देते सांसद जयंत सिन्हा से निवेदन होगा, कि अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करता हूं, आपके नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा का बड़े पैमाने पर विकास हुई है। आपके जैसे दूर दृष्टि सोच रखने वाले और निष्पक्ष बात रखने वाले करते हैं आपके जैसे साफ छवि नेट का हजारीबाग में आवश्यकता है । अनूप भाई ने बतलाया कि इनके कार्यकाल में हजारीबाग लोकसभा का बहुत ही विकास हुआ है ।जयंत सिन्हा सक्रिय चुनाव में उतरे जीत 100त्न सुनिश्चित है अपना प्रक्रिया देने वाले में सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद राजा सिन्हा, विनोद कुमार बिकान ,अरविंद सिंह ,अजय राणा, मुनेश ठाकुर ,आशीष सोनी, मिथिलेश सिंह, राजेश चंद्रवंशी , प्रदीप मेहता, अमरदेव सिंह आदि थे।

## हर दिन सीखने की चाहत, सफल इंसान बनने में मददगार : अरविंद चतुर्वेदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं एवं मटवारी स्थित सिटी ऑफिस सभागार में कार्यरत कर्मियों के साथ विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर अरविंद चतुर्वेदी ने अलग अलग औपचारिक बैठक की और वर्तमान के विश्वविद्यालय गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थी हित में कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए। इससे पूर्व प्रो चांसलर के आगमन पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बुके देकर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हर काम को करते वक्त सीखने की चाहत जागृत रहनी चाहिए, इससे ना केवल कार्य बेहतर होते हैं बल्कि हममें परिपक्वता भी आती है। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरुआती दिनों से ही विद्यार्थी हित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है, जिसका परिणाम है कि महज़ 8 वर्षो के दरम्यान ही नेशनल एजुकेशन अवार्ड, सीएसआर युनिवर्सीटी ऑफ इंडिया अवार्ड, एसोचैम एजुकेशन एक्सिलेंस सम्मिट कम अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड, झारखंड की शान अवार्ड, वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट अवार्ड सहित कई नेशनल के साथ साथ इंटरनेशनल अवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों के



साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी, उन उद्देश्यों को पूरा करने में विश्वविद्यालय निरंतर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ना केवल पढ़ाई के क्षेत्र में बल्कि यूथ फेस्टिवल जैसे बड़े मंच पर भी यहां के विद्यार्थियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है और खेलकूद में भी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतर कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक भी एकेडमिक क्षेत्रों में बेहतर कार्यो का निर्वहन कर रहे हैं। बैठक करते हुए श्री चतुर्वेदी ने सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों से एक-दूसरे के साथ मिलकर सहयोग की भावना से काम करने की सलाह दी।

## विधायक लोबिन हेंब्रम से मिला खतियानी परिवार का शिष्टमंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को पुराने समाहरणालय के समीप धरनास्थल पर खतियानी परिवार की बैठक सईद अख्तर की अगुवाई में हुई।बैठक में गत दिनों विधायक लोबिन हेंब्रम से मुलाकात कर झारखंड के वर्तमान परिदृश्य पर हुई चर्चा से परिवार के अन्य सदस्यों को अवगत कराया गया।यानी परिवार का एक शिसट मंडल विधायक माननीए लेबीन हेम्ब्र्म से भेंट कर पूरे झारखंड की राजनितिक परिदृशय पर विस्तार से हुई चर्चा पर सहमति जताई गई।कहा गया कि हमेशा से गैर झारखंडियों ने झारखंड को अपना चारागाह बनाया और धार्मिक उन्माद फैला कर चुनाव जीतते रहे जो हम लोगों के लिए शर्मनाक है।बैठक में सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक,अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार,आगामी पर्व त्योहार में विधि व्यवस्था की बहाली पर भी चर्चा हुई।साथ हीं सरकार को इन समस्याओं से सख्ती से निपटने की मांग



की गई।बैठक में वंशावली की सत्यता की जिम्मेवारी मुखिया से वापस लेने की मांग भी की गई।विचार विमर्श मे वोटिंग के लिए ईवीएम के उपयोग के खिलाफ भी आन्दोलन करने का फैसला लिया गया। बैठक मे मो हकीम,मो साबिर,बाबु भाई विद्रोही,सुरेश महतो,शम्भु ठाकुर,मह्बुब आलम,मो खलील,अनिल राम,बोधी साव,मो निसार,तनवीर, अहमद,महेश विश्व कर्मा,रामवअवतार भगत,सुबोध कुमार समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

## जदयू की बैठक में एनडीए उम्मीदवार बदलने की मांग की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड की बैठक शनिवार को पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के कार्यो मूल्यांकन किया गया। वक्ताओं ने आशा के अनूरूप विकास नहीं होने की बात कही। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान सांसद हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में कम समय देते हैं। दिल्ली में ज्यादा रहते हैं। इससे एनडीए गठबंधन कमजोर हुआ है। इसलिए एनडीए उम्मीदवार बदले और नए उम्मीदवार का चयन करें। तभी एनडीए उम्मीदवार की जीत होगी। कई वक्ताओं ने प्रसिद्ध व्यवसायी और हजारीबाग चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल के भाजपा और एनडीए में समर्पण की भावना को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाने की



मांग की। इस बाबत जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को पार्टी की स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल,उपाध्यक्ष भीम मेहता, बसंत मेहता, जिला सचिव सह प्रवक्ता राकेश ठाकुर और शंभू नाथ अग्रवाल शामिल हुए।

## बरही में बालू को लेकर कांग्रेसी एवं सीओ हुए आमने-सामने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को बरही सीओ रामनारायण खालको ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सामने जप्त किया। जिसके बाद बरही थाना को सूचित कर बालू लोड ट्रैक्टर को बरही थाना को सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि उक्त बालू को पीएचडी विभाग में चल रहे कार्य में लगाया जाता। इधर बालू की ट्रैक्टर पकड़े जाने पर कांग्रेसी कार्यकर्ता व बरही सीओ आमने-सामने भी हुए। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बरही सीओ से कहा की यदि आप



पीएचडी योजनाओं में भी बालू का उपयोग होने से रोकेंगे, तो योजना पूर्ण कैसी होगी। गर्मी आने को है लोगों को पानी चाहिए, बालू की समस्या से सभी परेशान है। इधर सीओ ने कहा कि सरकार का जो गाइडलाइन है, उसे हम लोगों को पालन करना है और उसे पालन करवाना हमारी प्राथमिकता में है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अशोक सिंह, मो. असलम अंसारी, मो. वारिस अंसारी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## ग्राम प्रभारी के चयन को लेकर आजसू पार्टी की पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत में आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारी के चयन को लेकर विशेष बैठक की गई। बैठक में ग्राम बादम, कुतुलवा, और राउतपारा के आजसू कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष बबलु पासवान, पंचायत प्रभारी बिनोद राम एवम् पंचायत प्रभारी जावेद खान ने संयुक्त रूप से किया। ग्राम पंचायत बादम भाग 1 से सोलु खान, जुनेद खान बादम भाग 2 से मो अफरोज, मो नाजिम खान उर्फ मोटे, बादम भाग 3 जितेन्द्र राम, बीणा देवी, पिंकी देवी बादम बादाम भाग 4 प्रवीण कुशवाहा उर्फ छोटू, रेखा देवी, जगेश्वर कुमार महतो ग्राम राउतपारा से अवधेश कुमार बिहारी, गोविंद राम ग्राम कुतुलवा से रवि कुमार, महावीर राम का चयन ग्राम प्रभारी के रूप में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय सदस्य राजा खान एवं प्रखंड अध्यक्ष गौतम



कुमार वर्मा शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड सचिव मो मुकर्रम खान, मो नुर उल्लाह, सब्बू खान, भीम राम, कैसर अली, सोनु गुप्ता, मिन्शु कुमार, मो सिहान, नौशाद आलम, राजा राम, चरका खान, मन्नु खान, रणधीर महतो, प्रकाश राम, अलमास आलम, मो कहाफा, रंजन कुमार, राजेश राम, राहुल ठाकुर, प्रकाश राम, बाजो महतो, तुलसी महतो सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

## हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से 40 वर्षीय महिला को लातेहार निवासी ने उपलब्ध कराया रक्त


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में देखने को मिला वक्त था जब लातेहार निवासी संजय सिंह की धर्मपत्नी सावित्री देवी को ऑपरेशन हेतु रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी। चिकित्सकों के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके बाद परिजनों ने रक्त की खोजबीन प्रारंभ कर दी कहीं रक्त उपलब्ध न होने पर परिजनों ने हजारीबाग यूथविन से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके बाद हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया,उसके बाद पदाधिकारी एवं



सदस्यगण रक्तदाता की खोज में जुट गए,कोई रक्तदाता उपलब्ध न होने पर हजारीबाग की नारी शक्ति स्वरूप सोनल सोनी से रक्तदान करने का विशेष आग्रह किया गया। इसके बाद उन्होंने बगैर संकोच किए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर पहुंचकर रक्तदान कर सावित्री देवी की जान बचाई। मौके पर ञ्क्क सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, अनुराग नाग, राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने रक्तदाता सोनल सोनी के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि प्रथम बार सोनल सोनी के द्वारा रक्तदान किया गया है उनके चेहरे की मुस्कुराहट और उत्साह हम सभी को सेवा के कार्य के लिए प्रोत्साहित करती है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहां की कई युवा पीढ़ी रक्तदान देने से कतराते हैं,पर सोनल सोनी ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया है हजारीबाग यूथ विंग इनका हृदय से आभार प्रकट करता है। साथ ही कहा की हर वक्त और हर समय लोगों की सेवा में उपलब्ध रहना ही हमारा सबसे बड़ा दायित्व है।

## वर्किंग आवर में जिला टीकाकरण केंद्र में अंदर से जड़ दिया ताला, बाहर खटखटाते रहें लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित टीकाकरण केंद्र में पिक वर्क समय में ताला जड़ दिया गया था और बाहर कई महिला अपने नौनिहाल बच्चों के साथ टीकाकरण के लिए इंतजार करती रही। दूर-दराज से रूटीन टिका लगवाने पहुंची कई महिलाओं के बार-बार दरवाजा खटखटाना के बाद भी अंदर में बैठे टीकाकरण केंद्र के कर्मियों ने ताला नहीं खोला तो यहां एक ट्रॉमा मरीज को देखने पहुंचे हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी की नज़र इसपर पड़ी। उन्होंने भी देखा की टीकाकरण केंद्र के दरवाजे पर ताला जड़ा है और अंदर आवाज देने के बाद भी कोई सुन नहीं रहा है। जिसके बाद विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अंदर की एक कर्मी को कॉल किया जिसके बाद ताला खोलकर सभी बच्चों को टीका लगाया गया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसकी जानकारी जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. कपिल मुनि और सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह को देते हुए वर्किंग समय में ताला जड़कर रखने और बाहर नौनिहालों के साथ माता पिता को इंतजार कराने की शिकायत करते हुए इसपर कारवाई करने की मांग की ।.

## आगामी 5 मार्च से वेक्टर क्लासेस बरही में शुरू होंगी इंटर विज्ञान की प्रथम बैच



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में 12 वीं छात्रों के लिए इंटर विज्ञान एवं आर्ट्स की पहली बैच आगामी 5 मार्च से शुरू होने जा रही है। वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 10 वर्षो से इस संस्थान के माध्यम से तैयारी करने वाले सभी छात्र-छात्राओं ने एक बेहतर रिजल्ट पाया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि बेहतर रिजल्ट की वजह से ही पिछले साल के कई छात्रों का नामांकन देश राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों में हुआ। प्रबंधक ने बताया कि इस वर्ष कोटा, राजस्थान और बिहार के शिक्षकों के साथ बरही में मेडिकल, आईआईटी और इंटर विज्ञान की तैयारी कराई जायेगी। साथ ही सभी छात्रों को सिलेबस अनुरूप शिक्षा सामग्री उपलब्ध होगी। इसके साथ ही छात्रों के लिए सभी विषयों पर जैक एवं सीबीएसई पर आधारित वीकली टेस्ट, छात्रों के बीच ग्रुप डिस्कशन, कम्युनिकेशन क्लासेस, ऑनलाइन सुविधा के साथ छात्रों को मोटिवेशन की स्पेशल क्लासेस भी होंगी। वही स्कूलिंग सिस्टम के तौर पर सीबीएसई पैटर्न पर छात्रों के लिए नए पैटर्न पर क्लास 6 से 10 तक विशेष कक्षा भी प्रारंभ होगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री योजनाओं को डोर टू डोर जाकर बताया



**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर दारू मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को लाभार्थी जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह मंडल प्रभारी हरीश श्रीवास्तव थे। मुख्य अतिथि ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ न जिनगा पंचायत के जोनिहियाँ गावँ में डोर टू डोर जाकर हर लाभार्थी से मिले।लाभार्थियों से मिलकर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं उनके द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। लाभार्थियों ने अश्ववस्त किया कि मोदी सरकार ने हम गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, किसान निधि के द्वारा राशि, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड , बीमा योजना व सबसे बड़ी बात है कि कोविड काल मे हमलोगों को वैक्सीन देकर जो राहत दी है।इसलिए इस बार भी मोदी सरकार को ही वोट देंगे।मौके पर मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण , उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, अशोक कुशवाहा, धनपत प्रसाद, मोहन प्रसाद, नरेश प्रसाद, अरुण सिंह, चिंतामणि साव, ललिता देवी विषु सिंह, संजय कुशवाहा, राजेन्द्र राम सहित कई लोग शामिल थे।

## धर्म रक्षा निधि समर्पण में बरही विहिप ने झोंकी ताकत



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व हिंदू परिषद बरही में जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार के नेतृत्व में धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में कार्यकर्ता जोर-शोर से लगे हैं। वैसे तो बरही धर्म के कार्यों में इतिहास रचने में माहिर है, जिस प्रकार से श्रीराम मंदिर निर्माण समर्पण राशि संग्रह में पूरे झारखंड में इतिहास रचा उसी प्रकार कार्यकर्ताओं ने इस बार धर्म रक्षा निधि समर्पण में भी इतिहास रचने का कार्य करेंगे। इस हेतु पूरे प्रखंड में सैकड़ों राम भक्त लगे हैं। इस संबंध में ब्यान जारी करते हुए जिला सह मंत्री ने बताया कि इस संग्रहित राशि का विश्व हिंदू परिषद सनातनी मान विंदू और प्रतीकों की रक्षा करने एवं सनातनी उत्थान के लिए करती है और समूचे समाज को एकजूट करने के लिए कार्य करती है। इस कार्य में इंद्रदेव गुप्ता, कैलाश ठाकुर, नितेश कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, पिंटू केशरी, गिरजा साव, नौरंगी साव आदि लोग लगे है।

## बड़कागांव में आरबीआई द्वारा वित्तीय साक्षरता के लिए क्विज कार्यक्रम का आयोजन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्लस 2 उच्च विद्यालय में आर.बी.आई द्वारा वित्तीय साक्षरता के जागरुकता के लिए क्विज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 9 वीं से 12 वीं तक के सैकडो छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आर.बी.आई के अधिकारी गण उपस्थित हुए। अधिकारीओ ने कहा कि - छात्राओं के बीच वित्तीय साक्षरता का प्रचार प्रसार करने के लिए रचनात्मक कार्यो पर जागरूक बनाना उद्देश्य है। प्रधानाचार्य कृष्णा कुमार कन्हैया ने कहा कि बच्चों को दायित्व पूर्ण वित्तीय व्यवहार करने और सोच समझकर वित्तीय निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम मे क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से तीन छात्र छात्राओं का चयन किया गया । जिसमें प्रथम पुरस्कार दसवीं क्लास की रिया कुमारी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार 12वीं क्लास के निरंजन कुमार एवं तृतीय स्थान 12वीं क्लास के सुमन कुमार को प्राप्त हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से आर.बी.आई के एलडीओ सन्त्री श्रीवास्तव, एलडीएम राकेश आजाद, डिस्ट्रिक इंचार्ज मनोहर मुरारी, सीएफएल डाडी इंचार्ज एवं प्रशिक्षक राकेश एवं चंदन, बैंक मौफ इन्डिया मैनेजर रामचंद्र सोरेन आरजीबी एफएलसी मनीया कुमारी, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार कन्हैया एवं वरिष्ठ शिक्षक राजेश रैनन गुप्ता, मनीषचन्द्र तिवारी पाण्डेय, मदन कुमार, जितेन्द्र कुमार, सूरज नीरव, अशोक राम, निकास रजवार के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त करने की मांग की

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा बजट सत्र के दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद में राज्य में 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग की। तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक ने सदन को अवगत कराते हुए बताया कि राज्य के 42.16 प्रतिशत लोग गरीब हैं, जो पूरे देश में बिहार (51.91त्न) के बाद सर्वाधिक है। राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2022 में बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की शुरुआत करने के बाद इसे 125 यूनिट तक बढ़ाने की कवायद चल रही है। लेकिन राज्य में एक बड़ी आबादी गरीब तबके की है, जो बिजली बिल दे पाने में भी असमर्थ है इसलिए राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दिया जाए।

## सांसद जयंत सिन्हा फिर से करें विचार : भाजपाई

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सांसद जयंत सिन्हा ने आगामी चुनाव में लड़ने की फैसला को वापस लिया है, जिसे लेकर बरही विधानसभा के कार्यकर्ता निराश हैं। भाजपाइयों ने सांसद से आग्रह करते हैं कहा कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और हजारीबाग की जनता के भावनाओं को देखते हुए अपना निर्णय बदले और फिर से चुनाव लड़ने का निर्णय ले, यह भारतीय जनता पार्टी बरही विधानसभा के कार्यकर्ता आग्रह करती है। आग्रह करने वाले में भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, गणेश यादव, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, मुकुंद साहू, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, मुकेश सिन्हा, द्वारका राणा, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह आदी थे।

## उर्दू पिता अलीम सबा नवेदी के निधन पर शोक समारोह आयोजित




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रसिद्ध शायर, आलोचक, इतिहासकार, तमिलनाडु के उर्दू पिता अलीम सबा नवेदी के निधन पर अहले क़लम झरिया के प्रधान कार्यालय नूरी हाउस, ऊपर कुल्ही में एक शोक समारोह आयोजित किया गया। इस सभा में झरिया, धनबाद, लोयाबाद व कतरास के कवियों व लेखकों ने भाग लिया। संस्था के सदर एवं त्रैमासिक उर्दू पत्रिका रंग मुख्य संपादक डॉ. इकबाल हुसैन ने अलीम सबा नवेदी के व्यक्तित्व, उनके विचारों, कला और उनकी ऐतिहासिक साहित्यिक सेवाओं पर आधारित एक लेख प्रस्तुत किया और बारगाहे रब्बी में उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। मशहूर शायर और सेवानिवृत्त शिक्षक इम्तियाज़ बिन अज़ीज़ ने संचालन का काम करते हुए कहा कि अंधेरे में रोशनी बांटने वाला नहीं रहा।

## एशिया के मशहूर जेमिनी सर्कस का गिरिडीह में हुआ शुभारंभ



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में एशिया के मशहूर जेमिनी सर्कस का शुभारंभ शुक्रवार की देर शाम को गिरिडीह के पचम्बा स्थित मिशन ग्राउंड में किया गया. उद्घाटन के बाद सर्कस का पहला शो शुक्रवार शाम सात बजे से आरंभ किया गया। सर्कस के उद्घाटन अवसर पर बतौर अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय उपस्थित हुए। अतिथियों के हाथों फीता काट कर सर्कस का उद्घाटन किया गया. बताया गया कि जेमिनी सर्कस के शो का टिकट दर 80, 150 और 250 रुपया है। प्रत्येक दिन सर्कस दोपहर एक बजे, शाम चार बजे और शाम सात बजे से तीन शो में दिखाया जायेगा. सर्कस के मैनेजर ने बताया कि सर्कस में खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया जायेगा।

### धनबाद के 53 वें उपायुक्त के रूप में माधवी मिश्रा ने किया पदभार ग्रहण

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर रहेगा फोकस : उपायुक्त





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने धनबाद के 53 वें उपायुक्त के रूप में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त वरूण रंजन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पदभार संभाला। निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन ने नई उपायुक्त को शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी। चुनाव की तैयारियों पर जिला प्रशासन का पूरा फोकस रहेगा। साथ ही कहा कि अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन, आयुष्मान भारत योजना सहित राज्य सरकार व केन्द्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की तीव्र गति से प्रगति करेंगे। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया जा सकेगा। वहीं निवर्तमान उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि उनका कार्यकाल संतोषपूर्वक रहा। सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर पहुंचने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन और जनता के सहयोग से कई बड़े पर्व त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। अपने कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। साथ ही कहा कि मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कई कारगर कदम उठाए। धनबाद में उपायुक्त के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इसके बाद उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ तीन युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में गिरिडीह पुलिस ने अवैध लॉटरी के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बगोदर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए युवकों के पास से एक लाख रुपये मूल्य का लॉटरी का टिकट और टिकट बीच कर इकट्ठा किया गया 5 हजार रुपया जब्त किया गया है। तीनों युवकों की गिरफ्तारी बगोदर सरिया एसडीपीओ धन्नजय कुमार राम के नेतृत्व में बगोदर बस स्टैंड के पास से हुई है. गिरफ्तार युवकों में मो गुफरान, पंकज रवानी और अप्पू सोनार शामिल हैं।

तीनो युवक धनबाद जिला के गोबिंदपुर के रहने वाले हैं. इस संबंध में बताया गया कि जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार युवकों के पास से एक लाख रुपया मूल्य का 12 सौ लॉटरी का टिकट के अलावे पांच हजार नगद और एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है. पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवकों के विरुद्ध बगोदर थाना में केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## आग ने मचाया तांडव, दस दुकानें जलकर राख, लाखों की क्षति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित पानी टंकी के समीप भीषण आग लगने की घटना घटी है। करीब 10 दुकान इस हादसे में जलकर राख हो गई है। आग लगने के बाद अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना के बाद फौरन बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इस घटना में लाखों रूपये के नुकसान होने की खबर है। घटना के संबंध में बताया जाता है की पुराना बाजार पानी टंकी हनुमान मंदिर के समीप मिठाई दुकान में सबसे पहले आग लगी। आग धीरे-धीरे भयावह रूप अख्तियार कर लिया। जिसके कारण क्षणिक भर में आसपास की कई दुकानों को आग ने पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। इसके बाद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम 6 दमकल वाहन लेकर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लोग अपने स्तर से भी दुकान में लगे आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे। जिनकी दुकानों में आग लगी वह अपने दुकानों को लेकर काफी परेशान थे। प्रथम दृष्टि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। पुलिस जांच मे जुटी है।

**e-Procurement Cell**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**

(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Very Short Term e-Procurement Notice**

**PR No. - 319202 2ND CALL Date –01-03-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall and Gate in the Campus of PHC Pandadih,Sonahatu, Ranchi | 82,04,206.00 | Six Month |
| 2 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 08-03-2024 at 02.00 PM | |
| 3 | Date/Time of Opening of Bid | | 09-03-2024 at 03.00 PM | |
| 4 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 5 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 6 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department Building Division No. 1, Ranchi

PR 321214 Building(23-24)D

**e-Procurement Cell**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**

(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Very Short Term e-Procurement Notice**

**PR No. - 318693 Building(23-24)#D 2ND CALL Date –01-03-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/24/ 2023-24 | Day to Day Maintenance and mechanized cleaning of main building floor corridor stair W.C. outside of the building Secretary residence Gate No. 1 to 5 Guru Govind Singh Pond and Birsa Mandap at Rajbhawan Ranchi (Period 01-04-2024 to 31-03-2025) | 8504500.00 | 12 Month |
| 2 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 08-03-2024 at 02.00 PM | |
| 3 | Date/Time of Opening of Bid | | 09-03-2024 at 03.00 PM | |
| 4 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 5 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 6 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department Building Division No. 1, Ranchi

Pr321217 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## कई दिनों से लापता दो साल की बच्ची का आधा अधूरा शव बरामद, पुलिस पर भड़के परिजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** तोपचांची के रांगडीह गांव से पिछले कई दिनों से लापता दो साल की बच्ची की लाश राजगंज थाना क्षेत्र में जोरिया से शुक्रवार को बरामद किया गया। शव का आधा भाग ही जब्त हुआ है। बच्ची के हाथ पैर नहीं मिले हैं। गले में माधुरी से बच्ची के पिता ने उसकी पहचान की है।

**बच्ची खेलने के दौरान हुई थी गायब :-** ज्ञात हो की यह बच्ची खेलने के दौरान गायब हो गई थी। उसके बाद घर वालों ने काफी खोजबीन की फिर तो तोपचांची पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने भी खोजी कुत्ते की मदद से जांच पड़ताल की लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला। इस बीच स्नान करने गए लोगों ने राजगंज के जोरिया के पास बच्ची के शव को देखा। उसके बाद इसकी सूचना मुखिया के जरिए पुलिस को दी गई। राजगंज और तोपचांची पुलिस पहुंची, लेकिन लोग लाश उठाने नहीं दे रहे थे। उनका गुस्सा भड़क चुका था।

**घटना से इलाके मे फैली सनसनी :-** इस घटना से इलाके मे सनसनी फैल गई। वहीं लोगों का आरोप था कि जिस व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया था, उसे आखिर थाने से क्यों छोड़ा गया? समझाने बुझाने पर पांच घंटे बाद तोपचांची पुलिस शव को अपने साथ ले गई। पुलिस प्रयास कर रही है कि डीएनए टेस्ट करा कर बच्ची की पहचान की जाए। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। किस वजह से बच्ची की इतनी निर्ममता पूर्वक हत्या की गई है, इसका खुलासा होना अभी बाकी है।

## अमरीक सिंह खनूजा ने इंसाफ की मांग को लेकर किया प्रेस वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शास्त्री नगर बैंक मोड़ के रहने वाले अमरीक सिंह खनूजा ने आइसीआइसीआइ बैंक, से 6 लाख का लोन (Floting rate) के आधार पर वर्ष 2007 में लिया था जिसके लिए बैंक की ओर से लोन पेमेंट के लिए 01.01.2007 जनवरी से दिसम्बर 2016 तक की अवधी निर्धारित की गयी थी और 120 माह तक रू. 8266/- की EMI का एकरारनामा हुआ था।

वही बैंक ने लोन अवधि समाप्त होने के बाद भी अमरीक सिंह खनूजा के सेविंग खाते से 75 एक्स्ट्रा EMI काट लिया गया। पीड़ित ने बताया कि EMI की आखिरी अवधि दिसंबर 2016 थी।

**Directorate of Employment and Training**

**Department of Labour, Employment & Training, (Govt. of Jharkhand)**

**3rd Floor, Nepal House, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002.**

**www.iti.jharkhand.gov.in**

**E-mail Id: - dir.et.jharkhand@gmail.com**

**Letter No...341** **Date....29.02.2024..**

**NIT (Notice Inviting Tender)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 04/2024 |
| 2 | Name of the Work | Selection of Agency for Supply, Delivery, Installation and Commissioning of the Furniture items into Different ITI's of Jharkhand |
| 3 | Name of the issuer of thistender | Directorate of Employment & Training, Department of Labour, Employment, Training & Skill Development, Government of Jharkhand |
| | Completion period of work | Within 60-90 days from the date of issuing of supply order |
| 4 | Date of issue of tender document | 28/02/2024, 4:00 PM |
| 5 | Last date of receiving pre-bid queries through mail | 02/03/2024, 6:00 PM |
| 6 | Pre-bid meeting | 04/03/2024, 12.30 PM |
| 7 | Last Date for Submission of Bids | 13/03/2024, 6:00 PM |
| 8 | Technical qualification bid opening date | 15/03/2024, 10.30 AM |
| 12 | Address of Communication | Directorate of Employment & Training, Department of Labour, Employment, Training & Skill Development, Government of Jharkhand. 3rd floor, Nepal House, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002, Email – dir.et.jharkhand@gmail.com |
| 13 | Tender Fee | Rs 25,000/- (Rs. Twenty Five Thousand Only) (Non-refundable) |
| 14 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 27,00,000/- (Rs. Twenty seven lakhs Only) |
| 15 | Validity of proposal | Proposals must remain valid for 180 days after the submission date |
| 17 | Method of Selection | The method of selection is L1 (lowest bid). |
| 18 | Currency | The currency in which the bidders may quote the price andwill receive payment is INR only |
| 19 | Bid Submission | Online through e-procurement portal https://jharkhandtenders.gov.in/nicgep/app |

Sd/-
**Deputy Director Training (HQ)**
**Directorate Employment & Training (HQ)**
**Jharkhand, Ranchi**

PR 321315 Labour Employment and Traning (23-24)_D

### जलसा फलाहे दारैन कॉन्फ्रेंस का महुदा बस्ती में हुआ आयोजन

## शादी में फिजूल खर्च ओर दहेज नही लेने की हुआ एलान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** महुदा बस्ती में रात भर चले इस जलसे में कई राज्यों के मुकर्रीर पहुँचे थे। जिसमें अल्हाज हफीज नईमुद्दीन साहब, शाहिद रजा कादरी, झारखंडी बाबा आदि के साथ साथ शायर में मुनाजीर हुसैन बदायुं यूपी, गुलाम समदानी उड़ीसा, गुलाम जिलानी पुर्णिया, अखलाकुल क़ादरी, मोहसिन आलम, नकीब में मो. कमरुद्दीन क़ादरी सामील थे। सभी ने बेहतरीन नात पढ़े । मौलाना ने अपने तकरीर मे शादी में फिजूल खर्ची नही करने, और दहेज नही लेने पर जोर दिया। आगे उन्होंने कहा कि दुनिया के इंसानों की अगर जिंदगी और आखिरत में सफल होना चाहते हैं तो कुरान की रस्सी को मजबूती से पकड़ लो, क्योंकि हर जगह कुरान तुम्हारी रहनुमाई करेगा। तुम्हें दिग्भ्रमित होने से बचाएगा। प्रोग्राम को सफल बनाने में मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद आमान, मेंहदी हसन, नसीरुद्दीन बाबा, गुड्डू बाबा, शमसूल हुदा, अहसनुल्लाह, जावेद अंसारी, अफजल आलम, तनवीर आलम, और महुदा बस्ती केसभी नौजवान ने सहयोग किया।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।**

(समाज कल्याण शाखा)

***Email-*** awc3.monitoring@gmail.com

अतिअल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिले के रूर्बन मिशन कल्स्टर करौंदी में 04 आंगनबाड़ी केन्द्रों का श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तार्गत Integrated Cluster Action Plan (ICAP) in Critical Gap Fund (CGF) हेतु Devlopment of Model ICDS Centers बनाया जाना है। उक्त के निमित अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला द्वारा किया जाएगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की सूची संलग्न।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी निविदा का आवेदन बन्द लिफाफा में जिला समाज कल्याण कार्यालय, गुमला में दिनांक 09.03.2024 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक हाथों–हाथ जमा कर सकते हैं। उक्त निविदा विकास भवन सभागार में दिनांक 09.03.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में खोला जाएगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट gumla.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

**जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,गुमला।**

PR 321331 Women, Child Development & Social Security(23-24)D

## टुंडी प्रखंड मुख्यालय से सटे कर्माटांड मधुरसा पथ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता, आदिवासियों में भारी रोष




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड मुख्यालय से सटे कर्माटांड़ मोड़ से मधुरसा तक पथ निर्माण कार्य में इन दिनों भारी अनियमितता बरती जा रही है। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण संवेदक द्वारा दिन के उजाले में घटिया निर्माण कराया जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार कर्माटांड़ से मधुरसा पथ निर्माण कार्य इन दिनों जोरों पर है आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण भोले भाले आदिवासियों को बरगलाकर प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने से सभी आदिवासियों में व्यापक रूप से रोष देखा जा रहा है जहां मेटल 20 प्रतिशत, गिट्टी 20 प्रतिशत, चिप्स 20प्रतिशत, डस्ट 40प्रतिशत एवं सड़क की मोटाई करीब 8 इंज तथा थरथराहट वाला रोलर के जगह साधारण रोलर से निर्माण कार्य संवेदक द्वारा कराया जा रहा। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि निर्माण के दिन से ही कभी पानी का छिड़काव नहीं किया गया है जिससे सड़क अभी से ही उखड़ना प्रारंभ हो गया है। टुंडी प्रखंड पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता तिलक मंडल ने उपायुक्त धनबाद से कर्माटांड़ मधूरसा पथ निर्माण कार्य का उच्चस्तरीय जांच एवं प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करने का आदेश जारी करने का मांग किया है।

**उपायुक्त–सह–**
**जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लातेहार**
**(जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लातेहार)**

–:अल्पकालीन निविदा सूचनाः–

लातेहार जिला में जिला आपदा प्रबंधन योजना को नये सिरे से पुनर्गठित करते हुए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा तैयार Model Framework for Disaster Management Plan एवं Explanatory notes for Preparation of District Disaster Management Plan के आधारपर District Disaster Management Plan तैयार किया जाना है। उक्तकार्य के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक कम्पनी/फर्म से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रकाशन की तिथि 02.03.2024 है तथा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 16.03.2024 है।

निविदा के नियम, शर्तें तथा विस्तृत विवरणी लातेहार जिला के वेबसाईट http://latehar.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 321188 (District)23-24*D

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**

(जिला योजना)

**Corrigendum**

**Advertisement PR No. 318623**

Sub: - Corrigendum to tender no. 02/24 Dated 10/02/24 "Rate Contract to Supply, Installation and Maintenance of Aadhaar Enabled Biometric Attendance System (AEBAS) at Government Offices in all blocks of Ramgarh District", the below referenced clauses in the bid document have been modified and the revised text shall replace the original text in the bid document. The last date of receipt of Bid has been changed to 05/03/2024. All remaining clauses will remain same.

| Sl. | Page No. | Reference in Bid document | Original Clause | Revised clause |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | Technical specification of Biometric Authentication IRIS Scanner Device | Type: Fingerprint Scanner for use with Desktop, Laptop, Tablet, POS Device | IRIS Scanner for use with Desktop, Laptop, Tablet, POS Device etc. |
| | | Technical specification of Biometric Authentication IRIS Scanner Device | Certification for Device and extractor software/SDk: Finger Print Capacity 100000 | Finger print capacity |
| | | Technical specification of Biometric Authentication IRIS Scanner Device | API/SDK: Linux | Linux/ Android (Version- 13)/ Windows (Version- 11 & Above) |
| 2 | 6 | Technical specification of Android Based tablet with Biometric Authentication Device | Technical specification of Android Based tablet with Biometric Authentication Device | Technical specification of Android Based tablet with Biometric Authentication L1 Device (Version- 13) |
| 3 | 7 | Biometric Attendance System Specification | STQC Certificate Valid up to 02-01-2023 | Latest Valid STQC Certificate |

PR 321304 District(23-24)D

ह०/– उप विकास आयुक्त,रामगढ़।

# मतदाता जागरूकता को लेकर उप विकास आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियां नियमित रूप से स्वीप कोषांग, लोहरदगा की ओर से आयोजित की जा रही है। विभिन्न विभागों के समन्वय से निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप के अंतर्गत आज बीएस कॉलेज, लोहरदगा में अमित म्युजिकल बैण्ड, रांची द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में आज भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां लोकतंत्र प्रणाली में मतदान के जरिये सरकार चुनी जाती है। इसलिए आपका एक वोट बहुत महत्वपूर्ण है। देश के संपूर्ण विकास के लिए चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या अन्य कोई क्षेत्र, आपका का मतदान प्रक्रिया में भाग लेना बहुत जरूरी है। लोकसभा चुनाव के महत्वपूर्ण तिथियों की घोषणा अब होने ही वाली हैं। इस बार हम लोग 90 प्रतिशत से उपर लोहरदगा जिला का मतदान प्रतिशत ले जाएंगे। इसके लए सभी को एक शपथ लेनी होगी कि किसी भी परिस्थिति में हम अपना मतदान अवश्य करेंगे। देश के निर्माण में लोकतंत्र के माध्यम से अपनी भागीदारी देंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान आपके एक वोट में है। विद्यालय की कमी हो या अस्पताल की कमी हो,अपने क्षेत्र के लिए एक बेहतर व्यक्ति का चुनाव आप अपने वोट के जरिए ही कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम सभी उपस्थिति पदाधिकारियों,प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को उप विकास आयुक्त द्वारा मतदाता प्रतिज्ञा अंतर्गत भारत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई।



कार्यक्रम में नगर परिषद, लोहरदगा की ओर से हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसकी शुरूआत उप विकास आयुक्त द्वारा दी गई। आज के कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रश्नों की एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा,एसडीपीओ, एसडीओ अमित कुमार,स्वीप कोषांग की नोडल-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, कोच व क्रिकेट खिलाड़ी अमित कुमार, कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# वर्तमान विधायक के झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने भरोसा जताया झारखंड पार्टी पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत रसिया पंचायत के ग्राम बोकबा में झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों की समस्या सुनने पहुंचे। जहां पर ग्रामीणों ने उनका डाक नगरों के साथ जोरदार स्वागत किया। संदेश एक्का के वहां पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने उन्हें अपना सुख दुख का साथी बताते हुए अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। साथ ही वहां उपस्थित ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी के झूठे वादे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले साल बोकबा गांव में 27 मार्च 2023 को झुमझार महत्सव कार्यक्रम हुआ था जिसमे विधायक ने बोकबा गांव में सड़क निर्माण को लेकर कहा था कि मैंने सड़क बनाने के लिए सारे कागजी कार्यवाही कर दिया हूँ, अब बहुत जल्द यहाँ सड़क का निर्माण किया जाएगा। मगर एक साल बीत जाने के बाद भी उनका कोई काम धरातल में नजर नही आ रहा है। उनके इस झूठे वादे से परेशान ग्रामीणों ने अब



झारखंड पार्टी पर भरोसा जाता रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि विधायक यहाँ आते ही नहीं है तो हमारा काम कहाँ से होगा। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब एनोस एक्का मंत्री थे तो यहां पूरे क्षेत्र में विकास की धारा बहती थी। अब तो विधायक से मुलाकात होती है ना उनका कोई काम दिखता है। इन सबके बीच गांव के सोमरा लोहरा ने एनोस एक्का के द्वारा किए गए सहयोग को याद करते हुए भावुक हो गया और उसने अपने बीते पल को बताते हुए कहा कि कुछ वर्ष पूर्व वह पुवाल के मचान से नीचे गिर गया था जिससे उसका रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। वह इलाज कराने में असमर्थ था इस बात की जानकारी एनोस एक्का को हुआ और वे फौरन उनका इलाज रांची के अस्पताल में कराया साथ ही उनका इलाज का सारा खर्च एनोस एक्का और मेनोन एक्का ने दिया। सही समय में इलाज हो जाने पर सरा लोहार आज खुद से चल फिर पा रहा है। इन बातों को सुन कर ग्रामीणों ने झारखण्ड पार्टी को हर सम्भव साथ देने की बात कही। इन सबके बाद झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने अपने अभिभाषण में कहा कि झारखंड पार्टी हमारा क्षेत्रीय पार्टी है यह हर दुख सुख का पार्टी है माटी का पार्टी है जल जंगल जमीन का पार्टी है। राष्ट्रीय पार्टियां जनता के बीच सिर्फ धर्म के नाम पर लड़ाई लगाने की काम करते हैं। ना तो वे क्षेत्र में भ्रमण करते हैं ना तो वह किसी के दुख सुख से अवगत होते हैं।

# भारतीय जनता पार्टी बोलबा मंडल की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा बोलबा मंडल के अध्यक्ष सुरजन बड़ाईक की अध्यक्षता में भाजपा की एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं धूपबत्ती दिखाकर की गई। बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं को एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने संबोधित करते हुए कहा की पूरे जिले के एसटी मोर्चा के कार्यकर्ता लाभार्थी कार्यक्रम, युवा चौपाल से जुड़ कर पार्टी हित में काम करें। वही एसटी मोर्चा जिला मन्त्री मुनेश्वर तिर्की ने लोगो से कहा की आने वाले लोकसभा चुनाव में फिर से एक बार मोदी सरकार बनायेंगे और जिस प्रकार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को साथ लोगों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं वह अपने आप में अतुल्य है। हमलोग एक साथ मिल कर इस कार्य को सभी के सहयोग से और भी बेहतर बनेंगे। मौके पर कोलेबिरा विधानसभा विस्तारक हिमांशु कुमार, ललन सिंह, सरवन साहू, जोगेंद्र मांझी, राधेश्याम सिंह, एतवा बड़ाईक, कौशल्या देवी, हीरालाल प्रधान, राम सुभग प्रधान, नरेंद्र सिंह, मूस्कू धोभी, रमेश दास, दिलीप सिंह, महेश सिंह, सुकरा केरकेट्टा, भूणेश्वर सिंह, कमलजीत सिंह, नित्यानंद सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने विधिक जागरुकता हेतु चलंत वाहन को हरी झंडी दिखलाकर किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय कानून सहायता मिशन के तहत व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर से आज 2 मार्च 2024 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल ने चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी न्यायिक पदाधिकारी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, एलएडीसीएस अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, कर्मी, पारा लीगल वॉलिंटियर उपस्थित रहे। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि चलंत वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांवों व कस्बों में पहुंच कर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम चलाने और विभिन्न मामलों के निष्पादन की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही लोगों



से उनके समस्याओं से संबंधित आवेदन ली जाएगी। उन्होंने कहा कि 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन होना है। जिसके प्रचार प्रसार में भी यह सहायक सिद्ध होगी। वहीं डालसा सचिव ने कहा कि उक्त चलंत लोक अदालत वाहन 2 मार्च से 30 मार्च 2024 तक जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न गांवों में जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि वाहन में पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वोलेंटियर्स मौजूद रहेंगे। जो जिले के विभिन्न गांव में पहुंचकर लोगों को कानून के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता से संबंधित पंपलेट का भी वितरण किया जाएगा। चलंत वाहन के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों से जुड़ाव बढ़ेगा। इस क्रम में शनिवार को कुडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में वाहन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता से संबंधित पैंपलेट का वितरण किया गया। वहीं वाहन में एलएडीसीएस अधिवक्ता नारायण साहू, मध्यस्थ वीके प्रसाद, पीएलवी हफीजुल अंसारी व जीतनारायण साही उपस्थित रहे।

## बालू डंपिंग मामला में जमीन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू डंपिंग व परिवहन मामला की गुप्त सूचना पर संयुक्त जांच के दौरान अंचलाधिकारी द्वारा जमीन मालिक के विरुद्ध कराया गया प्राथमिकी दर्ज बालू माफिया के पहचान में जुटी पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडू ग्राम के दक्षणी कोयल नदी के समीप जमुरा डहर में अज्ञात बालू माफिया के द्वारा बालू डंपिंग किए जाने की सूचना पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त कारवाई के दौरान जमीन मालिक स्वर्गीय रहमुद्दीन अंसारी के पुत्र मुत्तलिब अंसारी डांडू निवासी के जमीन में 95 ट्रैक्टर बालू डम्प किया गया था। जिसका जांचोपरांत मुत्तलिब अंसारी के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत सेन्हा थाना कांड संख्या 14/24 दर्ज कर धारा यू एस 379, 411 आईपीसी के आलोक में अभियुक्त के विरुद्ध कारवाई किया गया। जबकि बालू डंपिंग माफिया की पहचान में पुलिस जुट गई है। बताया जाता है कि बालू घाट का लीज होने की अफवाह उड़ा कर दिन के उजाले में धड़ले से अवैध कारोबारी जारी था। जिसका जांचोपरांत विभागीय कारवाई किया गया।

## 04 मार्च से चलेगा मतदाता सत्यापन अभियान : उप विकास आयुक्त



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेश पर दिनांक 04 मार्च 2024 के सुबह 10 बजे से मतदाता सत्यापन अभियान #IamVerifiedVoter प्रारंभ होगा। यह अभियान सभी मतदान केंद्रों पर चलेगा जहां बीएलओ प्रपत्र-6, 7 एवं 8 के साथ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगी। इसमें मतदाताओं को वोटर हेल्पलाईन या प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम चेक करना है जिसमें अगर नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या त्रुटि है तो अपना नाम पंजीकरण एवं सुधार हेतु आवेदन प्राप्त किये जाने का कार्य किया जाएगा। अगर मतदाता का नाम उस सूची में है तो मतदाता अपने सूची के साथ या वोटर कार्ड के साथ अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे और उसमें हैशटैग #IamVerifiedVoterका इस्तेमाल करेंगे। उक्त बातें आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान का औचक निरीक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी करेंगे। मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन भी Voter Helpline App या Voter Service Portal (https://voters.eci.gov.in/) चेक कर सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों इस अभियान को सफल बनाने हेतु और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से सोशल मीडिया के माध्यम से जोड़ने हेतु मीडिया के माध्यम से प्रेरित किये जाने की अपील की। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## सीओ सह प्रखंड निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने पर्यवेक्षक व बीएलओ के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निबंधन निर्वाची पदाधिकारी की अध्यक्षता में पर्यवेक्षक व बीएलओ के साथ बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी सह प्रखंड निर्वाची निबंधन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी पर्यवेक्षक व बीएलओ को निर्देश देते हुए सभी बीएलओ को मतदाताओं का परिभाषा के बारे में बताया की अनुपस्थित मतदाता, स्थानंतिरित मतदाता और मृत मतदाता के बारे में जानकारी दिया गया। वही विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वैसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो गई और उनका नाम मतदाता सूची में है। उसे फॉर्म 7 भर कर चुनाव से पूर्व मतदाता सूची से नाम हटाने का नोर्देश दिया गया। तथा जो मतदाता जो परिवार के बिना अन्य दूसरे स्थान पर जा कर रह रहे हैं। वैसे मतदाता अनुपस्थित मतदाता नही माना जायेगा। साथ ही चुनाव से पूर्व छूटे हुए मतदाताओं का नाम फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश दिया गया। मौके पर अधीश खाखा, सुजीत उराँव, नागमणी उराँव, शांता मिंज, शहनाज बेगम, किरण कुमारी सहित अन्य पर्यवेक्षक व बीएलओ उपस्थित थे।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदा0 की अध्यक्षता में बैठक सह प्रशिक्षण में बीएलओ को दिए गए आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 02 मार्च शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता मे बीएलओ के साथ बैठक सह प्रशिक्षण पर आगामी लोकसभा निर्वाचन से संबंधित बीएलओ को दीये गये आवश्यक निर्देश। बैठक मे मुख्य रूप से आगामी 04 मार्च को प्रखंड के सभी बूथो मे मतदाता अपनी अपनी मतदाता पहचान पत्र लाकर मतदाता सुचि की प्रविष्टि से सत्यापित करना, बूथो मे तस्वीर खिंचवाकर सेल्फी लेते हुए फेसबुक, ट्वीटर इत्यादि मे तस्वीर शेयर करना,वही मृत मतदाताओं की प्रविष्टि मे पहचान कर सुचि से विलुप्त करना,बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक आने की व्यव्स्था इत्यादि विषयो पर बैठक सह प्रशिक्षण मे किया गया चर्चा। आज के उक्त बैठक सह प्रशिक्षण मे आगामी लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सुपरवाईजर राजीव कुमार ने अन्य आवश्यक चर्चाएं भी बीएलओ के साथ की। मौके पर बैठक सह प्रशिक्षण मे बीएलओ परवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान, राजमणि मिंज, इंदू लकड़ा, नसीमा खातून, सुनीता देवी, परमीला देवी, ममता देवी, कौशर जहाँ, एस्थर टोप्पो, सरोज उरांव, सुखमणि उरांव, इत्यादि बीएलओ बैठक सह प्रशिक्षण मे उपस्थित थे।

# किसानों का प्रतिनिधि मंडल प्रशिक्षण हेतु बेंगलुरु रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जनजातिया कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार अर्जुन मुंडा जी के पहल पर कृषि मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा सिमडेगा जिले के किसानों को प्रशिक्षण हेतु बेंगलुरु रवाना किया गया। इसकी जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की केंद्रीय मंत्री के पल पर कृषि मंत्रालय द्वारा समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षण हेतु बेंगलुरु भेजा जाता है इसी क्रम में आज किसानों का एक दल को भी बेंगलुरु रवाना किया गया जहां वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्य का प्रशिक्षण लेंगे एवं यहां के किसानों को उसका लाभ देंगे। किसानों को रवाना करने के समय जिला महामंत्री दीपक पुरी ठेठईटांगर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक मौजूद थे।

# किसानों को झारखंड सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पंहुचाए : निशीथ जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा जिला खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा नगर भवन लोहरदगा में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन। इस कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा जो योजनाएं आम किसान एवं ग्रामीणों के लिए चलाई जा रही है उन सभी का लाभ कैसे ग्रामीण तक पहुंचे इसे लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जिला उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत हुवे शामिल। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा। झारखंड सरकार एवं माननीय वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा झारखंड के



किसानों एवं आम ग्रामीणों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन सभी योजनाओं को किसान एवं ग्रामीणों तक लाभ पंहुचाने का काम करनी होगी। वर्तमान समय में आपूर्ति विभाग के द्वारा अनेकों कार्य किसानों एवं ग्रामीणों के लिए कार्य किया जा रहा जिसमे लूंगी,धोती साड़ी, का वितरण के साथ आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा अब दाल का भी वितरण किया जा रहा है एवं पेट्रोल सब्सिडी योजना भी चलाई जा रही है। जिसमे सबसे मुख्य कार्य सभी ग्रामीणों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है । साथ ही वर्तमान समय में किसानों के लिए सबसे बड़ी योजना कृषि ऋण माफी योजना के तहत किसानों का 50 हजार से 2 लाख तक का ऋष माफी योजना चलाई जा रहा है। सरकार के द्वारा सबसे महत्वपूर्ण योजना धान अधिप्राप्ति का है । इस योजना के माध्यम से किसानों को जो लाभ दे रही है उसे सत त्वपूरा करने का काम करे। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों के बीच योजनाओं का जानकारी का अभाव है । इस कारण लाभ ग्रामीणों को नही मिल पा रहा। धान अधिप्राप्ति के लिए बड़े किसानों के साथ साथ छोटे किसानों को भी लैंपस में धन में बेचने के लिए प्रेरित करे ताकि का किसान बिचौलियों के चंगु से। जो भी किसान अपना धान अधिप्राप्ति लैमैप्स में करती है उससे तवरीत 50 प्रतिशत राशि किसानों को दिया जाय। ताकि जो किसानों के राशि की आवस्यकता होती है वो पूर्ण हों और । किसानों को लाभ मिल सके ताकि उनके लैम्पस से जितना जुड़ाव होगा उतना ही लाभ आम ग्रामीणों को मिलेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान प्रसाद जायसवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी जिला कृषि पदाधिकारी के साथ साथ अन्नय्या पदाधिकारी एवं दुर्गा जी के डीलर एवं लैमप्स के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।

## झारखंड से ठगबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने को तैयार है भाजपा : शशांक राज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज का आगमन हुआ इस दौरान लोहरदगा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बरवाटोली दुर्गा मंदिर के समीप पुष्प गुच्छ एवं माला पहनकर स्वागत किया,तत्पश्चात युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित सेन्हा प्रखंड अंतर्गत तोड़ार ग्राम में युवा चौपाल कार्यक्रम में हुए शामिल कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं मौके पर उपस्थित मोर्चे के पदाधिकारी को अंग वस्त्र एवं माला पहनकर स्वागत किया गया।चौपाल का विषय प्रवेश युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीष शिखर ने किया।वही युवा चौपाल को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि भाजपा की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में लगातार देश का मान बढ़ा रही है। मोदी जी आम लोगों की जरूरत की सुविधाओं समरस भाव से अनेक को जनकल्याण योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। जिससे कि आम गरीब जनता घर बैठे उसे योजनाओं का लाभ प्राप्त किए हैं।



जनता के आशीर्वाद से ही मोदी जी एक सशक्त निर्णय लेने के लिए सक्षम है और योजनाओं को बिना बाधा आम जनता तक पहुंच पा रहे हैं। इसी प्रकार से चल रहे योजनाओं का सुचारु रूप से आगे बढ़ाने एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यो को करने के लिए हम सभी भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता के आशीर्वाद से 400 सीटों जितने का लक्ष्य पूरा करेंगे। भाजपा झूठ की राजनीति नहीं करती वहीं हमारे झारखंड में गठबंधन सरकार की रवैया आम जनता जान चुकी है की किस प्रकार से योजनाओं को शुरू होने से पहले ही भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा दिया जा रहा है और सब कुछ प्रत्यक्ष दिखाई देने पर भी वोट एवं तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा देते हुए सरकार के लोग मौन धारण कर लिए हैं, जिससे राज्य की व्यवस्था बहुत ही चिंताजनक है और ऐसी परिस्थितियों में हम सभी वोट की ताकत से जवाब देने का कार्य इस ठगबंधन की सरकार को करेंगे।वही अजातशत्रु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा से गरीबों, पिछड़ो, अनुसूचित एवं जनजाति का ख्याल रखती है अवसर देती है आज लगातार राज्य के उत्थान के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। परंतु वही राज्य के सत्ताधारी लोग झूठ और गुमराह की राजनीति करते हैं खुद की गलतियों की सजा खुद पा रहे है और दोष भाजपाइयों पर लगा रहे हैं। कानून सबके लिए समान है आज झारखंड की गठबंधन सरकार की कुकर्मो की वजह से हमारा प्रदेश शर्मसार हो रहा है। और उसे स्वीकारने के बजाय गठबंधन के लोग धरना प्रदर्शन कर आज की आधुनिक युग में लोगों को गुमराह करने की कोशिश में लगे हुए परंतु इनके लूट झूठ की राजनीति जनता समझ चुकी है। इसका जवाब लोकसभा चुनाव में आम जनता अपने मत के द्वारा देगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बाल्मीकि कुमार और सजल कुमार ने किया।इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अजातशत्रु की विश्वजीत सहदेव जी रंजीत यादव जी बाबूराव उरांव जी शरद जी पंकज जी नवल साहू जी के साथ अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### एआईएमआईएम जिला व रंका प्रखंड कमिटी ने नए थाना प्रभारी को पुष्प गुच्छ भेंट किया



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रंका थाना प्रभारी अनिल नायक के प्रभार लेने पर एआईएमआईएम नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट किया तथा उन्हे शुभकामनाएं दी। एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक के नेतृत्व में जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, प्रखंड सचिव सुदामा कुमार रवि, युवा प्रखंड अध्यक्ष खुसदिल अंसारी, प्रखंड महासचिव मोबिन अंसारी, एआईएमआईएम जिला सदस्य अयोध्या सिंह, असगर अंसारी, आरिफ अंसारी, बिरेंद्र सिंह, आजाद अंसारी, मनाजुल अंसारी समेत कई नेताओं ने थाना प्रभारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मजलिस नेताओं के द्वारा फूल माला से थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

### नहीं रहे सोना व्यवसाई विजय प्रसाद सोनी, पलामू चैंबर ने किया दुख प्रकट

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 25 फरवरी की रात पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज |के एक्जीक्यूटिव सदस्य सह झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री के सदस्य राकेश कुमार सोनी के पिता विजय प्रसाद सोनी का हार्ट अटैक होने से देहांत हो गया। जिससे सारा चैंबर परिवार मरमद्वहित है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी जो शुभ लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक थे, एक सरल स्वभाव के सामाजिक व्यक्ति थे। और सबों के दुख सुख में सदैव खड़ा रहते थे। आज उनकी कमी उनके परिवार के साथ-साथ सबों को महसूस होगी। स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी अपने पीछे पांच पुत्री एवं एक पुत्र राकेश कुमार सोनी के ऊपर अपनी पूरी जबाबदेही छोड़ गए। इस दुख की घड़ी में पूरा चैंबर परिवार उनके परिवार के साथ खड़ा है। स्वर्गीय विजय प्रसाद सोनी का ब्रह्मभोज दिनांक 9 मार्च को होना तय है। हम चैंबर परिवार उनके आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में बीएसएनएल के पूर्व अधिकारी को तीन साल की कैद

**नई दिल्ली :** लखनऊ की एक विशेष अदालत ने शनिवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में बीएसएनएल के पूर्व अधिकारी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और 10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सीबीआई के मुताबिक विशेष अदालत ने बीएसएनएल के पूर्व एसडीई मनोज कुमार सिंह को तीन वर्ष के कारावास के साथ दस लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। सिंह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के पलिया में पदस्थ थे।

# समाज में नफरत फ़ैलाने वाले तीन टीवी एंकरों पर चला कानून का डंडा

*** एंकर अमीश देवगन, अमन चोपड़ा व हिमांशु दीक्षित पर एनबीडीएसए ने की कार्रवाई, सुधीर चौधरी को मिली चेतावनी**







एजेंसी

**नई दिल्ली :** टीवी चैनल के कुछ एंकरों का मन इतना बढ़ा हुआ है कि वे अपने काबिलियत के सामने किसी को कुछ समझते ही नहीं हैं। यहां तक कि कानून को भी वे अपनी पॉकेट में रखते हैं। अपने टीवी चैनल का टीआरपी बढ़ाने के लिए वे किसी भी हद तक जा सकते हैं। यहां तक कि देश को आग के हवाले भी कर सकते हैं। अभी हाल में लव जेहाद व रामनवमी हिंसा को लेकर तीन टीवी चैनल के एंकरों ने एंकरिंग की। इस एपिसोड में इन एंकरों ने मुस्लिम समुदाय को टारगेट किया। इसके बाद न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड अथॉरिटी यानी एनबीडीएसए ने नफरत भरे शो दिखाने के मामले में न्यूज 18 के एंकर अमीश देवगन व अमन चोपड़ा एवं टाइम्स नाउ नवभारत के एंकर हिमांशु दीक्षित के प्रोग्राम को अनुचित मानते हुए कार्रवाई की। साथ ही रामनवमी हिंसा मामले में आज तक के एंकर सुधीर चौधरी के शो पर चेतावनी जारी की। एनबीडीएसए ने कहा, कुछ व्यक्तियों के कृत्य के कारण पूरे समुदाय को टारगेट करना गलत है। इन पर श्रद्धा वालकर मर्डर केस पर दिखाए गए शो के लिए कार्रवाई की गई है। टाइम्स नाउ नवभारत पर 1 लाख रुपये और न्यूज 18 इंडिया पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही, तीनों चैनलों को आपत्तिजनक कार्यक्रमों के ऑनलाइन अपलोड को हटाने का निर्देश दिया है।एनबीडीएसए के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एके सीकरी ने कहा है कि हर अंतरधार्मिक विवाह को लव जिहाद कहना गलत है। एक्टिविस्ट इंद्रजीत घोरपड़े द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के बाद एनबीडीएसए ने यह कार्रवाई की है। टाइम्स नाउ नवभारत पर जुर्माना इसलिए लगाया गया क्योंकि इसके एंकर हिमांशु दीक्षित को मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने और अंतर-धार्मिक संबंधों को लव जिहाद के रूप में सामान्यीकृत करने का दोषी पाया गया। इसके अलावा, न्यूज 18 इंडिया पर तीन शो के लिए जुर्माना लगाया गया, जिनमें से दो की एंकरिंग अमन चोपड़ा ने की थी और एक की एंकरिंग अमिश देवगन ने की थी। इनमें श्रद्धा वालकर मामले को लव जिहाद के रूप में सांप्रदायिक रूप दिया गया। इसी तरह, आज तक को सुधीर चौधरी द्वारा संचालित एक कार्यक्रम के लिए फटकार लगाई गई, जिसमें रामनवमी के दौरान हिंसा के कृत्यों को एक विशेष समुदाय को निशाना बनाने के रूप में सामान्यीकृत किया गया था। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आचार संहिता और प्रसारण मानकों के उल्लंघन का हवाला दिया। इसके अलावा, एनबीडीएसए ने घृणास्पद भाषण की रोकथाम, एंकरों के साथ कार्यक्रम आयोजित करने और घटनाओं की रिपोर्टिंग में सांप्रदायिक कथाओं से बचने से संबंधित दिशा निर्देशों के उल्लंघन का उल्लेख किया।एनबीडीएसए ने अपने फैसले में कहा कि मीडिया को अपनी पसंद के किसी भी विषय पर बहस करने का अधिकार है। लेकिन कुछ व्यक्तियों के कृत्यों के लिए एक पूरे समुदाय को लक्षित करने वाले कार्यक्रमों से बचना चाहिए।

लाइव लॉ की रिपोर्ट कहती है कि, लव जिहाद पर टाइम्स नाउ नवभारत के कार्यक्रम पर आपत्ति जताते हुए एनबीडीएसए ने कहा कि इसके प्रसारण को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि प्रसारण की शुरुआत में एंकर ने निष्कर्ष निकाला है कि एक निश्चित समुदाय की महिलाओं पर की गई ऐसी हर हिंसा या हत्या लव जिहाद से संबंधित है। यह बात प्रसारित प्रसारण के दौरान एंकर द्वारा उठाए गए सवालों और दिए गए बयानों से स्पष्ट है। जब कुछ पैनलिस्टों ने ऐसी कथित घटनाओं को सांप्रदायिक एंगल दिए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की तब एंकर उन पर चिल्लाया और उन्हें अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति नहीं दी। एनबीडीएसए ने यह भी देखा कि ऐसे कुछ उदाहरण हो सकते हैं जहां एक विशेष समुदाय के लड़कों ने हिंदू लड़कियों से शादी की हो। लेकिन एनबीडीएसए के आदेश में कहा गया है कि ऐसे कुछ उदाहरणों को सांप्रदायिक रंग देकर अंतर-धार्मिक विवाह के बारे में सामान्यीकृत बयान नहीं देना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को चाहे वह किसी भी धर्म का हो, अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार है। चाहे वह कोई भी हो और किसी भी धर्म से संबंध रखता हो। केवल इसलिए कि एक हिंदू लड़की ने दूसरे धर्म के लड़के से शादी कर ली, लव जिहाद के समान नहीं होगा। जब तक कि यह स्थापित नहीं हो जाता कि ऐसी हिंदू लड़की को शादी के लिए धोखा दिया गया था या मजबूर किया गया था। इसके अलावा, ऐसे जबरन विवाह की कुछ घटनाओं के कारण, पूरे समुदाय को कलंकित नहीं किया जा सकता है। एनबीडीएसए ने कहा कि भविष्य के प्रसारणों में लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल गंभीर आत्मनिरीक्षण के साथ किया जाना चाहिए क्योंकि धार्मिक रूढ़िवादिता राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को खराब कर सकती है। एनबीडीएसए के आदेश के बाद ऐसे मठाधीशों में सुधार की अपेक्षा की जाती है, जो समाज में नफरत फ़ैलाने के लिए अपने टीवी शो में गला फाड़ कर चिलाते हैं। समाज में जहर उगलने, नफरत पैदा करने और घृणा फैलाने की अनुमति कानून नहीं देता। अगर इतना से भी ये एंकर सबक नहीं सीखे तो कानूनविदों को और कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे लोगों को और कठोर पनिशमेंट देना होगा ताकि सामाजिक समरसता बनी रहे।

### एंकर सुधीर चौधरी को रांची पुलिस ने भेजा नोटिस



रांची के एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले को लेकर सुधीर चौधरी को नोटिस भेजा गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ से जुड़े युवाओं ने बीती 7 फरवरी को न्यूज चैनल के एंकर सुधीर चौधरी के खिलाफ एससी-एसटी थाने में आवेदन दिया था। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ ने सुधीर चौधरी पर आदिवासियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाया था। अनुसूचित जनजाति एट्रोसिटी एक्ट 1889 के तहत मामला दर्ज कराया गया है। आवेदन में कहा गया है कि सुधीर चौधरी की टिप्पणी से आदिवासी समाज आहत है। बता दें कि जब इस मामले ने तूल पकड़ा तब पत्रकार सुधीर चौधरी ने अपने बयान पर माफी भी मांगी थी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर हुई समीक्षा, चार मार्च से सोशल मीडिया पर चलेगा अभियान

**रांची :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार शनिवार को समाहरणालय में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में चार मार्च से सोशल मीडिया अभियान #Iam Verified Voter के संचालन के संबंध में चर्चा की गई। अभियान का प्रारम्भ संपूर्ण राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर चार मार्च को किया जाएगा। किसी भी चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में निबंधित होना अनिवार्य है। विगत चुनावों में कहीं-कही से ऐसे मामलें प्रकाश में आते है कि कोई मतदाता अपना फोटो मतदाता पहचान पत्र लेकर मतदान करने जाते है, लेकिन मतदाता सूची में संबंधित मतदाता का नाम निबंधित नहीं होने के कारण यह मतदान करने से वंचित रह जाता है। आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 में ऐसी एक भी घटना न हो, इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करनेके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से #Iam Verified Voter अभियान का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसे लेकर अधिकारियों ने कई निर्देश पदाधिकारियों को दिये। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जेम्स सुरिन, अपर समाहर्ता (नक्सल), सुदर्शन मुर्मू, भूमि सुधार उप- समाहर्ता, मुकेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, प्रक्षिमान उप-समाहर्ता त्रिभुवन सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सम्बंधित सभी अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

**एआईएमआईएम का 66वां स्थापना संपन्न**

# गरीब, शोषित, वंचितों की पार्टी है एआईएमआईएम : डा. एमएन खान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का 66 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन केक काटकर किया गया। इस अवसर पर एआईएमआईएम पार्टी के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी से लोग लगातार जुड़ रहे हैं।

लोक सभा और विधान सभा चुनाव में अभी सीटों पर एआईएमआईएम कामयाबी हासिल करेगी। उन्होंने कहा की एआईएमआईएम गरीब, शोषित और वंचितों की पार्टी है। पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। हमें सिर्फ पार्टी की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना है। डॉ. एमएन खान ने कहा कि वर्तमान झारखंड की सरकार एवं मंत्री जो बड़े-बड़े वादे कर आपका वोट लेकर गए। इसका आपके बीच भरपाई नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी पिछड़ी, आदिवासी, दलित व दबे-कुचले लोगों का हक अधिकार के बारे में आवाज उठाती रही है। उन्होंने कहा कि अब गढ़वा- रंका विधान सभा क्षेत्र के लोग किसी राजनीतिक पार्टी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। यहां की जनता सिर्फ एआईएमआईएम पार्टी को समर्थन देने का मन बना ली है।

लोग लगातार इस पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता अब्दुल रहमान अंसारी, जिला सचिव रमजान, जिला कोषाध्यक्ष इफ्तिखार अहमद खान, मोजाहिम अंसारी, इबरान अंसारी, फारुख अंसारी, मोहम्मद अली, मुजाहिद अंसारी, मोहम्मद इलियास अंसारी, अनवर अंसारी, निजाम हक, सफदर अली, शमशाद अंसारी, सोनी देवी, माया देवी, कासिम कादरी, एमडी जमाल अंसारी, रामबनाम पाल, अयोध्या सिंह खरवार, रघुवीर सिंह खरवार, गुल बाहर अंसारी, आबिद अंसारी, संजय राम, मुजाहिद अंसारी, जियारत अंसारी, सैयद मोहम्मद, अहमद कादरी, अनवर खान, रुस्तम अंसारी, प्रेमचंद कुमार, विजय राम आदि उपस्थित थे। इस मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

### बदलापुर स्टेशन के पास एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई :** ठाणे जिले में बदलापुर रेलवे स्टेशन के पास साइडिंग में खड़ी एक एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगियों में अचानक आग लग जाने से खलबली मच गई। इस घटना की सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड के जवान और रेलवे मरम्मत टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मध्य रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार एक एक्सप्रेस ट्रेन को बदलापुर रेलवे स्टेशन के पास साइडिंग पर पार्क किया गया था। शुक्रवार रात करीब 1 बजे अचानक इस एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई। देखते ही आग तीन बोगियों में फैल गई। रेलवे प्रशासन ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और शनिवार को सुबह तक आग पर काबू पा लिया।

# आरएनआई का नाम बदलकर पीआरजीआई किया गया, अधिसूचना जारी




एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और इसके नियमों को अपने राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही यह अधिनियम एक मार्च से लागू हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आरएनआई का नाम बदलकर प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई) कर दिया गया है। अब से पत्रिकाओं का पंजीकरण प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम (पीआरपी अधिनियम)- 2023 और प्रेस एवं पत्रिकाओं के पंजीकरण नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार नये अधिनियम के तहत देश में समाचार पत्रों और अन्य पत्रिकाओं के पंजीकरण की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली प्रदान करता है। इससे पहले सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नए अधिनियम के अनुसार विभिन्न आवेदन प्राप्त करने के लिए प्रेस रजिस्ट्रार जनरल का ऑनलाइन पोर्टल, प्रेस सेवा पोर्टल (presssewa.prgi.gov.in) लॉन्च किया था।

इस पोर्टल के जरिए पत्रिका के मुद्रक द्वारा दी गई सूचना सहित सभी आवेदन, किसी विदेशी पत्रिका के प्रतिकृति संस्करण के पंजीकरण के लिए आवेदन, किसी पत्रिका के पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रकाशक द्वारा आवेदन, पंजीकरण के प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए आवेदन, स्थानांतरण के लिए आवेदन पत्रिकाओं का स्वामित्व, पत्रिका के प्रकाशक द्वारा वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना और पत्रिका के प्रसार के सत्यापन के लिए डेस्क ऑडिट की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी।

# शहर का दिल है अंबेडकर पार्क : प्रथम महापौर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि मेरे कार्यकाल का ब्लैक स्पॉट शहर के बीचो-बीच स्थित अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) जिधर से प्रतिदिन शहर वासियों के साथ-साथ कई गण्यमान्य लोग सर्किट हाउस आते जाते समय खराब स्थिति देख कई बार मैंने पूर्व एवं वर्तमान नगर आयुक्त के संज्ञान में लाई। परंतु तालाब सफाई करने वाला व्यक्ति नहीं मिलने के कारण यह काम नहीं किया जा सका। अब निगम द्वारा सिटी मैनेजर सतीश जी के देखरेख में तालाब की सफाई शुरू करा दी गई। प्रथम महापौर ने बताया कि यह सही है कि काम पहले शुरू हो जाता लेकिन तालाब सफाई करने वाले हमारे जिले में नहीं मिल पा रहे थे। फिर मैंने अपने प्रयास से कोलकाता से एक्सपर्ट बुलाकर निगम को दिया। जो कार्य करना शुरू कर दिए। प्रथम महापौर ने कहा कि इस पार्क के गार्डन का भी सुसज्जित करवाई की जा रही है। लाइट्स भी बनेंगे। टॉयलेट भी चालू होंगे। करोड़ों के लगे झरने भी प्रतिदिन चलाने का प्रयास किया जा रहा है। मैं नगर आयुक्त से अनुरोध करूंगी कि बने कैंटीन को भी चालू करें। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं सारे कामों पर निगम के साथ अपनी नजर भी रखी हूं। सारे काम होने के बाद मेरी टीम निशुल्क जैसे चौक चौराहा,गांधी उद्यान, मरीन ड्राइव, महात्मा गांधी मार्ग के लगे पौधों एवं लाइट का देखरेख कर रहा है, वैसे ही अंबेडकर पार्क का भी मैं अपने निगरानी में निजी खर्चे से देखरेख करूंगी। क्योंकि यह शहर के बीचो-बीच शहर का दिल है। मैं अंबेडकर पार्क में योगा करने वाले एवं टहलने वाले सभी भाई बंधुओ से अनुरोध करूंगी कि यह पार्क आपका है। इसे साफ, स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित बनाए रखने में निगम की मदद करें। यह पार्क नहीं शहर का दिल है।

### दुमका की घटना से झारखंड हुआ शर्मसार बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को कहा कि झारखंड की ध्वस्त कानून व्यवस्था के फलस्वरूप दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में हुई स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल कर दिया है। मरांडी ने कहा कि पीड़ित महिला के साथ पुलिस अधिकारियों ने भी जिस तरह का व्यवहार किया, वह अमानवीय है। मुख्यमंत्री से हमारी मांग है कि दोषियों को ऐसी कठोर सजा दें जो एक नज़ीर बन जाए। साथ ही गड़बड़ी करने वाले थाने से लेकर ज़िले तक के छोटे-बड़े पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करें। मरांडी ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की निकम्मी सरकार को साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों के मान-प्रतिष्ठा से कोई मतलब नहीं। इन्हें बस लूटपाट एवं अपने परिवार की तिजोरियों को भरने से मतलब है। झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

# आईसीएमआर का बजट पिछले 10 वर्षों में चार गुना तक बढ़ाया गयाः मनसुख



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने चिकित्सा अनुसंधान के भविष्य के लिए रणनीतिक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करने के लिए शनिवार को गवर्निंग काउंसिल की बैठक बुलाई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने की। इस मौके पर डॉ मांडविया ने कहा कि भारत सरकार की प्रतिबद्धता और आईसीएमआर के अथक प्रयास देश को चिकित्सा अनुसंधान और विकास में अग्रणी के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर का बजट पिछले 10 सालों में चार गुना तक बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में लॉन्च किए गए राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान कार्यक्रम के माध्यम से, 12 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में समाधान उन्मुख मिशन मोड अनुसंधान करने की एक अनूठी पहल, आईसीएमआर ने देशभर में 100 से अधिक जिलों तक अपना कवरेज बढ़ा दिया है। डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि आईसीएमआर ने नीति आयोग, सीडीएससीओ, सीएसआईआर, आईआईटी, डीबीटी, एनआईपीईआर, आईसीएआर, डीडब्ल्यूसीडी और अन्य प्रमुख संस्थानों के साथ अंतरविभागीय सहयोग शुरू किया। इसके परिणामस्वरूप संयुक्त पहल हुई है, जिसमें राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन, आयुष-आईसीएमआर परीक्षण, एसीएसआईआर-आईसीएमआर चिकित्सा अनुसंधान संकाय, पालना योजना और विभिन्न कैंसर के लिए आईसीएमआर-राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड क्लिनिकल परीक्षण शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के इनोवेशन इकोसिस्टम को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, आईसीएमआर ने उत्पाद विकास के लिए 7 आईआईटी में उत्कृष्टता केंद्र और बेंचटॉप परीक्षण के लिए समर्पित 5 आईसीएमआर-उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) की स्थापना की। इस पहल का उद्देश्य एआई-आधारित स्वास्थ्य समाधानों को बढ़ावा देते हुए मेक इन इंडिया मेडटेक क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त, नीति आयोग के मार्गदर्शन में और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में आईसीएमआर के नेतृत्व में मेडटेक मित्र पहल, इनोवेटर्स को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है, जो रणनीतिक माध्यम से किफायती और सुलभ स्वदेशी चिकित्सा उपकरणों के विकास की सुविधा प्रदान करेगी। हैंडहोल्डिंग, क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और उत्पाद ग्रहण मार्गदर्शन, जिसमें और सुधार किए जा रहे हैं।